

Annual Activity Report

2024-25

SOCIAL EDUCATION VOLUNTARY ASSOCIATION (SEVA)
TRUST UK

SEVA TRUST UK (INDIA)

Regd. Office: V&PO Kesri, Distt. Ambala (Haryana) 133102
HQ: V&PO Saha, Distt.Ambala (Haryana)133104
Email: infoindia@sevatrustuk.org website: www.sevatrustuk.org
FB/Instagram/Twitter/LinkedIn/YouTube@SEVATrustIndia

OUR MISSION AND VISION

SEVA Trust UK , also known as Social Education Voluntary Association (SEVA) Trust UK, is a charitable organization committed to promoting equal access to education, fostering healthy living, providing welfare support, and promoting a sustainable environment for all individuals, regardless of their background. Our primary objective is to empower and uplift underprivileged and disadvantaged students, communities, women (especially rural girls), individuals with disabilities, vulnerable individuals, and rural communities. At the heart of our work lies the principle of Seva (selfless service), driving all our endeavours with the dedication of unpaid volunteers.

The initiative for this movement of social change and support was initiated and led by Mr. Charan Sekhon MBE, a UK-based Non-Resident Indian (NRI), who established the 'Social Education Voluntary Association (SEVA) Trust UK' in 2016. We operate as SEVA Trust UK in England (Registered Charity No. 1172654) and SEVA Trust UK (India) in India.

REGULATORY DETAILS

- SEVA Trust UK (India) is registered on 3rd March 2017 under Indian Charitable Act 1882.
- Registered under sub-section (1) of 12A of Income Tax Act, 1961
- Registered under sub-section (5) of 80G of Income Tax Act, 1961
- Registered under CSR activities under Ministry of Corporate Affairs, Govt. of India
- Registered with Udyam under Ministry of MSME, Govt. of India.
- Registered under the Foreign Contribution (Regulation) Act 2010, which allows us to accept foreign donations

GEOGRAPHICAL SPREAD

Punjab :

- District Ludhiana : 2 Blocks :30 Villages
- District Patiala : 1 Block :05 Village
- District SBS Nagar : 1 Block :10 Villages

- District Malerkotla : 2 Block :30 Villages
- District Sangrur : 1 Block :05 Village
- District Mansa : 1 Block :05 Village
- District Barnala : 1 Block :05 Village

Haryana :

- District Ambala : 06 Blocks: 120 Villages
- District Kurukshetra : 06 Blocks: 140 Villages
- District Kaithal : 03 Blocks: 50 Villages
- District Jhajjar : 03 Blocks: 60 Villages
- District Panipat : 01 Blocks: 10 Villages
- District Sonipat : 01 Blocks: 12 Villages
- District Gurugram : 01 Blocks: 02 Villages
- District Rewari : 01 Blocks: 01 Villages
- District Rohtak : 01 Blocks: 02 Villages
- District Mahendergarh: 01 Blocks : 06 Villages
- District Yamuna Nagar: 02 Blocks: 05 Villages

SUPPORTING PARTNERS

- SEVA Trust UK (United Kingdom)
- Enlight Life of Kids in Need (Canada)
- IRARA (Belgium & UK)
- Dabur India Ltd.
- SIDBI
- USHA International Ltd.
- Walnut Medical Pvt. Ltd.
- Altruist Technologies Pvt. Ltd.

DETAILS OF EVENTS 2024-25

State	District	Total Program	Total Beneficiary
Haryana	Ambala	40	31264
Haryana	Kurukshetra	147	51679
Haryana	Kaithal	01	80
Haryana	Jhajjar	87	25476
Haryana	Yamuna Nagar	02	02
Haryana	Rewari	02	121
Haryana	Rohtak	04	773
Haryana	Sonipat	27	2248
Haryana	Panipat	01	119
Punjab	Ludhiana	11	1222
Punjab	SBS Nagar	06	5760
Punjab	Malerkotla	50	75076
Punjab	Sangrur	16	11757
Himachal Pardesh	Bilaspur	01	500
Rajasthan	Sikar	01	20000
04 States	**15 Districts**	**396 Programmes**	**226077 Beneficiaries**

BLOOD DONATION CAMPS 2024-25

S. No	Date of Event	Venue	Distt.	State	No.of Blood Units
1	5-Apr-2024	Shree Shyam Diagnostic Centre	Jhajjar	Haryana	46
2	24-Apr-2024	Sant Nirankari Bhawan	Jhajjar	Haryana	113
3	5-May-2024	Acadmi	Jhajjar	Haryana	94
4	9-May-2024	Shiv Mandir Chukchakwas	Jhajjar	Haryana	69
5	19-May-2024	Village Chhara	Jhajjar	Haryana	20
6	23-May-2024	Village Bhaproda	Jhajjar	Haryana	120
7	24-May-2024	Chotu Ram Dharmshala	Jhajjar	Haryana	40
8	8-Jun-2024	City Mall, Jhajjar	Jhajjar	Haryana	102
9	14-Jun-2024	Sanjivni Hospital	Jhajjar	Haryana	201
10	1-Jul-2024	Kesav Hospital KharKhoda	Sonipat	Haryana	16
11	21-Jul-2024	Village Khanpur Kalan	Jhajjar	Haryana	87
12	25-Jul-2024	GSSS Kalsana	Kurukshetra	Haryana	50
13	26-Jul-2024	City Mall, Jhajjar	Jhajjar	Haryana	101
14	15-Aug-2024	Village Goreya	Jhajjar	Haryana	105
15	17-Aug-2024	Santokh Dass Dharamshala	Jhajjar	Haryana	108
16	24-Aug-2024	Sir Chotu Ram Dharamshala	Jhajjar	Haryana	68
17	25-Aug-2024	Kitab Hospital Kharkhoda	Sonipat	Haryana	101
18	25-Aug-2024	Vill Bahu Akabarpur	Jhajjar	Haryana	42

19	26-Aug-2024	Sir Chotu Ram Dharamshala	Jhajjar	Haryana	68
20	1-Sep-2024	Govt. Hospital Kup Kalan	Ludhiana	Punjab	50
21	2-Sep-2024	Village Kablana	Jhajjar	Haryana	30
22	2-Sep-2024	Ambedkar Bhawan, Saha	Ambala	Haryana	95
23	2-Sep-2024	Sukhpal SS School, Ugala	Ambala	Haryana	61
24	2-Sep-2024	Govt. Ranbir College, Sangrur	Sangrur	Punjab	50
25	3-Sep-2024	GMN College, Ambala Cantt	Ambala	Haryana	75
26	3-Sep-2024	Shree Maheshwar Hanuman Mandir	Kurukshetra	Haryana	72
27	3-Sep-2024	Kundal Lal Dharmshala	Malerkotla	Punjab	131
28	4-Sep-2024	Mission Hospital, Ambala City	Ambala	Haryana	92
29	4-Sep-2024	Delite Hotel, Moonak	Sangrur	Punjab	59
30	5-Sep-2024	Satnam Jain Dharam Mandir, Dhuri	Sangrur	Punjab	109
31	6-Sep-2024	Sanatam Dharma Sabha Hall, Bhawani Garh	Sangrur	Punjab	103
32	6-Sep-2024	Village Kamoda	Jhajjar	Haryana	68
33	6-Sep-2024	Village Ladyan	Jhajjar	Haryana	20
34	7-Sep-2024	Govt.College, Amargarh	Malerkotla	Punjab	50
35	8-Sep-2024	Shree Maa Kali Devi Mandir, Sangrur	Sangrur	Punjab	403
36	8-Sep-2024	Geeta Senior Secondary School, Naraingarh	Ambala	Haryana	147
37	8-Sep-2024	Gian Jyoti School,	Kurukshetra	Haryana	98

		Tangour			
38	9-Sep-2024	GPF Complex, Lehragaga	Sangrur	Punjab	83
39	9-Sep-2024	Punjab Kesari Office	Panipat	Haryana	119
40	9-Sep-2024	Puran Murti Complex, Kami	Sonipat	Haryana	55
41	9-Sep-2024	M.D.N. Public School, Rohtak	Rohtak	Haryana	41
42	9-Sep-2024	Village Logonwal	Sangrur	Punjab	67
43	9-Sep-2024	Vilage Dirba	Sangrur	Punjab	50
44	9-Sep-2024	LNJ Hospital	Kurukshetra	Haryana	52
45	12-Sep-2024	Village Jhamri	Jhajjar	Haryana	61
46	13-Sep-2024	Sir Chotu Ram Dharamshala	Jhajjar	Haryana	51
47	13-Sep-2024	ICS Coaching Centre,	Sonipat	Haryana	91
48	15-Sep-2024	Village Jharoth	Sonipat	Haryana	50
49	22-Sep-2024	Chotu Ram Dharamshala	Sonipat	Haryana	78
50	25-Sep-2024	GPS Patak Majra	Kurukshetra	Haryana	152
51	26-Sep-2024	Majra D	Jhajjar	Haryana	70
52	9-Oct-2024	Sir Chotu Ram Dharamshala	Jhajjar	Haryana	257
53	14-Oct-2024	Arun X-Ray Lab, Jhajjar	Jhajjar	Haryana	37
54	22-Oct-2024	Tejas Fitness Club, Dighal	Jhajjar	Haryana	52
55	26-Oct-2024	Bras Market	Rewari	Haryana	32
56	4-Nov-2024	Village Kesri	Ambala	Haryana	42
57	15-Nov-2024	Village Bhaproda	Jhajjar	Haryana	70
58	17-Nov-2024	Goushala Beri	Jhajjar	Haryana	117

59	24-Nov-2024	Janta Lab	Sonipat	Haryana	75
60	30-Nov-2024	Aggarwal Dharamshala Beri	Jhajjar	Haryana	101
61	30-Nov-2024	Ashma Fayar Safety Institute	Sonipat	Haryana	51
62	4-Dec-2024	Near Bus Stand Jhajjar	Jhajjar	Haryana	112
63	15-Dec-2024	VPO Machhrauli	Jhajjar	Haryana	100
64	15-Dec-2024	Dr. Sanjeet Memorial Hospital, VPO Chhuchhakwas	Jhajjar	Haryana	50
65	16-Dec-2024	VPO Tewari	Sonipat	Haryana	51
66	23-Dec-2024	Guru Brahmanand Mandir, VPO Mohana	Sonipat	Haryana	40
67	30-Dec-2024	VPO Rohad, Tehsil Bahadurgarh	Jhajjar	Haryana	44
68	27-Jan-2025	Baba Santokh Das Dharmshala, VPO Chhara	Jhajjar	Haryana	172
69	3-Feb-2025	Career Computer Academy, Jhajjar	Jhajjar	Haryana	70
70	12-Feb-2025	Village Amin	Kurukshetra	Haryana	37
71	17-Feb-2025	Prajapati Dharamshala, Jhajjar	Jhajjar	Haryana	193
72	23-Feb-2025	VPO Khanpur Khurd	Jhajjar	Haryana	103
73	8-Mar-2025	Village Akehri Madanpur	Jhajjar	Haryana	155
74	23-Mar-2025	Village Goriya	Jhajjar	Haryana	53
75	26-Mar-2025	Govt. Post Graduate Nehru College, Jhajjar	Jhajjar	Haryana	34
	Total	**Blood Units**			**6332**

MILESTONES ACHIEVED AS ON 31.03.2025

HEALTH

47- Health Check-up Camps

10759- Beneficiaries

1532- Nutrition support Camps

6.99 lakhs- Beneficiaries

BLOOD CAMPS

146 - Blood Donation Camps

15155- Blood Units

WOMEN EMPOWERMENT

50 – USHA SIDBI Swavlamban Silai schools

90 - USHA Silai schools running in Haryana & Punjab

1200- Girls getting trained in Sewing & Stitching

1872- Asha Worker Felicitated in 46 Programs

EDUCATION

118610- Children Benefited – **565** Programs

250- Students honoured with Award of Excellence

12000- Children with BYJU'S Education for all

1- Free Computer Learning Centre

1- Solar Power Generation System Donated in Govt. School

ENVIRONMENT

8338 Tree planted

DMD PATIENT MEDICINE DISTRIBUTION

दुर्लभ आनुवांशिक पीड़ित बच्चों को 80 हजार रुपए की नि:शुल्क आयुर्वैदिक दवाइयां भेंट

मालेरकोटला, 16 जनवरी (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने पंजाब केसरी समूह के सहयोग से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दुर्लभ आनुवांशिक रोग डयूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डी.एम.डी.) से पीड़ितों की सहायता हेतु नि:शुल्क आयुर्वैदिक दवाइयां वितरण प्रकल्प चलाया है।

जिस संबंधी राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि पंजाब केसरी के प्रमुख संपादक विजय चोपड़ा, सह-संपादक अविनाश चोपड़ा के आशीर्वाद एवं डॉ. अश्विनी राणा के परामर्श से यमुनानगर निवासी 12 वर्षीय निशांत शर्मा (पुत्र सोनू शर्मा) तथा गांव बिंजलपुर अम्बाला निवासी 6 वर्षीय वीरप्रताप (पुत्र मनु चौहान) को डाबर इंडिया लिमिटड के सहयोग से 80 हजार मूल्य की 3 महीने की आयुर्वैदिक दवाइयां, दैनिक वस्तुओं की इम्युनिटी बूस्टर किट नि:शुल्क भेंट करवाई है।



दोनों पीड़ित बच्चों को दवाई भेंट करते मैंबर। (वरिन्द्र)

इसमें मुख्य अतिथि हरियाणा स्टाफ सलैक्शन कमीशन हरियाणा सरकार के सदस्य मास्टर अमर सिंह ने पीड़ित वर्ग के जीवन हेतु नई उम्मीद बताया। वहीं समाज सेवक डॉ. कुलदीप गुप्ता, पदम जैन ने बच्चों को बचाने हेतु सामर्थ्यवान व्यक्तियों को एकजुट होने की अपील करवाई।

इस मौके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वरिंद्र जैन, ट्रस्टी विवेक शर्मा ने बताया कि पीड़ित बच्चों के जीवन में नई ऊर्जा, उम्मीद का संचार हेतु पी.जी.आई. चंडीगढ़ में पंजीकरण करवाने, सरकारी आयुर्वैदिक अस्पताल पटियाला में उपचार हेतु प्रेरित किया तो डाबर कंपनी ने नि:शुल्क आयुर्वैदिक दवाई मुहैया करने हेतु हाथ बढ़ाए हैं।

इस मौके हरियाणा प्रधान पवन पराशर, सदस्य बलजिंद्र कुमार, मुकेश कुमार, मास्टर नीलम, माता नेहा रानी, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

सेवा ट्रस्ट यू.के. ने 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' के रोग से पीड़ित 4 बच्चों को 1 लाख की दवाई-इम्युनिटी किट बांटी

मालेरकोटला, 26 फरवरी (वरिन्द्र): मासूम बच्चों को चपेट में लेने वाली भयानक-लाइलाज बीमारी 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' के इलाज, सरकारी सहायता हेतु सेवा ट्रस्ट यू.के.(भारत) ने पंजाब केसरी के आदरणीय श्री विजय चोपड़ा जी तथा श्री अविनाश चोपड़ा जी के आशीर्वाद से पंजाब-हरियाणा-हिमाचल राज्यों में सेवा प्रकल्प प्रारंभ किए।

जिसमें कई जिले के पाठकों के सहयोग से पीड़ितों को जागृत करके पी.जी.आई. चंडीगढ़ में रजिस्ट्रेशन, सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल पटियाला से इलाज हेतु प्रेरित किया तो डाबर कंपनी ने मुहिम में प्रमुखता से जुड़कर रोगियों के मन में आशा की नई किरण रोशन करवाई।



पीड़ितों को दवाइयां सौंपते सेवा ट्रस्ट यू.के. के मैंबर। (वरिन्द्र)

यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के संस्थापक कंवर सिंह सेखों, राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन ने सरकारी आयुर्वेद अस्पताल पटियाला के डा. अश्विनी राणा की परामर्श पर 2 जिलों के 4 बच्चों को 1 लाख रुपए की दवाई-इम्युनिटी किट बांटी।

उन्होंने बताया कि जिला टीम के मैंबरों ने 245वें जिला प्रकल्प अधीन को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटिड के सौजन्य से मालेरकोटला के 10 वर्षीय भव्य गोयल को चौथे चरण, 5 वर्षीय मुहम्मद कैफ-2 वर्षीय मुहम्मद जैद को तीसरे चरण, लुधियाना के 8 वर्षीय शियास ग्रोवर को प्रथम चरण हेतु 1 लाख रुपए की 3 महीनों की आयुर्वेदिक दवाई सहित दैनिक जरूरतों की इम्यूनिटी बूस्टर किट आदि भेंट किए।

इस मौके मित्तल ने बताया कि डी.एम.डी. में जन्म से ही जीन विकार मांसपेशियों को कमजोर करके पिंडलियों में जकड़न, हृदय कमजोरी, जमीन से उठने में कठिनाई आदि विकृतियां पैदा करती है।

उन्होंने अंबाला जिले के गांव साहा में 6655 वर्ग फीट जगह में बनने वाले सेवा धाम (मल्टी फैसिलिटी होम) बारे विस्तार से अवगत करवाते कहा कि आधुनिक सेवा धाम में रेयर बीमारी वाले बच्चों को नि:शुल्क फिजियोथेरेपी, कटु-थैरेपी, योग, मैडीटेशन, हाइड्रोथैरेपी, इमोशनल सपोर्ट एंड काऊंन्सिलिंग थैरेपी मुहैया होगी तथा डायग्नोस्टिक सैंटर, लड़कियों हेतु कंप्यूटर कौशल सैंटर, महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र, वरिष्ठ नागरिक हेतु डे-केयर सैंटर की सुविधा भी दी जाएगी।

पंजाब केसरी
THU,05 SEPTEMBER 2024
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 2

शहीद लाला जगत नारायण जी की पुण्यतिथि पर अभिजय चोपड़ा ने डी.एम.डी. पीड़ित बच्चे को आयुर्वैदिक दवाई की भेंट

मालेरकोटला, 4 सितम्बर (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने दुर्लभ आनुवंशिक रोग ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी पेशीय से पीड़ितों को नि:शुल्क थैरेपी-दवाइयां देने के उद्देश्य से पंजाब केसरी के सहयोग से 2 राज्यों में विशेष प्रकल्प का आगाज कर रखा है।

इसके अंतर्गत हरियाणा के गांव साहा स्थित अंबेडकर भवन में शहीद लाला जगत नारायण जी की 43 वीं पुण्यतिथि पर पंजाब केसरी समूह के निदेशक अभिजय चोपड़ा ने डी.एम.डी. ग्रस्त बच्चे को नि:शुल्क आयुर्वैदिक दवाई सौंपी ।

इस संबंधी राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन, जिला प्रधान पंकज छाबड़ा, सी.ए. वागिश शर्मा, ट्रस्टी विवेक शर्मा, सेवा धाम ट्रस्टी रिंपल चौहान, सेवा धाम ट्रस्टी देवेन्द्र धीमान, जिला प्रधान कुरुक्षेत्र पवन मित्तल, बलजिन्द्र कुमार, समता साहा, माता नेहा रानी के सान्निध्य में सरकारी आयुर्वेद अस्पताल पटियाला के डा. अश्विनी राणा के परामर्श पर गांव



डी.एम.डी. पीड़ित बच्चे को दवाई भेंट करते अभिजय चोपड़ा व मैंबर। (वरिन्द्र)

बिंजलपुर (हरियाणा) के 7 वर्षीय वीरप्रताप चौहान को छठे चरण हेतु डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से 3 महीने की 50000 रुपए की आयुर्वैदिक दवाई नि:शुल्क भेंट करवाई है।

उन्होंने अभिजय चोपड़ा को अम्बाला जिले के गांव साहा में 6655 वर्ग फीट जगह में बनने वाले सेवा धाम (मल्टी फैसिलिटी होम) बारे विस्तार से अवगत करवाते कहा कि आधुनिक सेवा धाम में रेयर बीमारी वाले बच्चों को नि:शुल्क फिजियोथैरेपी, कटु-थैरेपी, योग, मैडीटेशन, हाइड्रोथैरेपी, इमोशनल सपोर्ट एंड काऊंसिलिंग थैरेपी मुहैया होगी।

डायग्नोस्टिक सैंटर, लड़कियों हेतु कम्प्यूटर कौशल सैंटर, महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र, वरिष्ठ नागरिक हेतु डे-केयर सैंटर की सुविधा भी दी जाएगी।

गौरतलब है कि स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय तहत अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सौजन्य से 'स्वस्थ जीवन-सर्वोत्तम शिक्षा-स्वच्छ वातावरण-महिला सशक्तिकरण-शैक्षिक छात्र, वृद्धाश्रम, स्लम एरिया सहायता' में ट्रस्ट ने 1259 कार्यक्रम से 520978 लोगों को साढ़े 5 करोड़ की पोषण सामग्री बांटी तथा हरित भारत-हरित धरा तहत 4570 पौधे, 110 ऊषा सिलाई सैंटर में 1270 महिलाओं, 82 कैंपों में 6870 यूनिट रक्त दान, डिजीटल ई-लर्निंग सैंटर में 90 लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के मिशन पथ पर कार्यरत है।

दुरलॅभ आनुवंशिक रोगी नूं 100 दिनां लई आयुरवैदिक दवाई भेट

ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ,1 ਅਕਤੂਬਰ (ਵਰਿਦਰ)-ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ.ਕੇ. (ਭਾਰਤ) ਨੇ ਦੁਰਲੱਭ ਆਨੁਵੰਸ਼ਿਕ ਰੋਗ ਡੀ. ਐੱਮ. ਡੀ. (ਡਿਊਚੇਨ ਮਸਕੁਲਰ ਡਿਸਟਰਾਫੀ) ਨਾਲ ਪੀੜਤ ਮਾਸੂਮਾਂ ਨੂੰ ਮੁਫਤ ਦਵਾਈਆਂ ਦੇਣ ਦੇ ਉਦੇਸ਼ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਸਮੂਹ ਦੀ ਸਰਪ੍ਰਸਤੀ 'ਚ ਪੰਜਾਬ-ਹਰਿਆਣਾ-ਹਿਮਾਚਲਰਾਜਾਂ 'ਚ ਸੇਵਾ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੇ ਹਨ।

ਜਿਸ ਤਹਿਤ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ, ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਉਪ ਚੇਅਰਮੈਨ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ, ਟਰੱਸਟੀ ਵਿਵੇਕ ਸ਼ਰਮਾ ਦੀ ਅਗਵਾਈ 'ਚ ਪੀੜਤਾਂ ਨੂੰ ਪੀ. ਜੀ. ਆਈ. ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ 'ਚ ਰਜਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ, ਸਰਕਾਰੀ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਹਸਪਤਾਲ ਪਟਿਆਲਾ ਤੋਂ ਇਲਾਜ ਲਈ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਇਲਾਜ ਸਹਾਇਤਾ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ 'ਚ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਿਟਡ ਨੇ ਦੋ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ 7 ਪੜਾਅ 'ਚ 10 ਬੱਚਿਆਂ ਲਈ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਦਵਾਈਆਂ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ



ਡੀ. ਐੱਮ. ਡੀ. ਪੀੜਤ ਨੂੰ ਦਵਾਈ ਭੇਟ ਕਰਦੇ ਮੈਂਬਰ। (ਵਰਿਦਰ)

ਕਰ ਕੇ ਆਸ ਦੀ ਕਿਰਨ ਜਗਾਈ ਹੈ।

ਇਸੇ ਤਹਿਤ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ. ਕੇ. ਨੇ ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ ਸ਼੍ਰੀ ਵਿਜੇ ਚੋਪੜਾ ਜੀ ਤੇ ਸਹਿ ਸੰਪਾਦਕ ਸ਼੍ਰੀ ਅਵਿਨਾਸ਼ ਚੋਪੜਾ ਜੀ ਦੇ ਆਸ਼ੀਰਵਾਦ ਨਾਲ ਡਾ. ਅਸ਼ਵਨੀ ਰਾਣਾ ਦੀ ਸਲਾਹ 'ਤੇ ਹਰਿਆਣਾ ਦੇ ਯਮੁਨਾਨਗਰ ਦੇ 12 ਸਾਲਾ ਨਿਸ਼ਾਂਤ ਸ਼ਰਮਾ ਪੁੱਤਰ ਸੋਨੂ ਸ਼ਰਮਾ ਨੂੰ ਲੱਗਭਗ 40 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੀ ਲਾਗਤ ਨਾਲ 100 ਦਿਨਾਂ ਦੀ ਦਵਾਈ ਸਮੇਤ ਰੋਜ਼ਾਨਾ ਲੋੜਾਂ ਦੀ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟ ਮੁਫਤ ਭੇਟ ਕੀਤੀ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਡਾ. ਅਸ਼ਵਨੀ ਰਾਣਾ ਦੇ ਅਨੁਸਾਰ ਆਯੁਰਵੈਦ 'ਚ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਨੂੰ ਸਰੀਰ ਦੀ ਤਾਕਤ ਬਣਾ ਕੇ ਬੀਮਾਰੀ ਨੂੰ ਵਧਣ ਤੋਂ ਰੋਕਣ ਦੇ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਰੇਅਰ ਡਿਜ਼ੀਜ਼ ਵਾਲੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਮੁਫਤ ਫਿਜ਼ੀਓਥੈਰੇਪੀ, ਕਟੂ-ਥੈਰੇਪੀ, ਯੋਗ, ਧਿਆਨ, ਹਾਈਡ੍ਰੋਥੈਰੇਪੀ, ਇਮੋਸ਼ਨਲ ਸਹਾਇਤਾ ਅਤੇ ਕਾਊਂਸਲਿੰਗ ਥੈਰੇਪੀ ਦੇਣ ਲਈ ਅੰਬਾਲਾ ਦੇ ਪਿੰਡ ਸਾਝਾ 'ਚ ਸੇਵਾ ਧਾਮ (ਮਲਟੀਫੈਸਿਲਟੀ ਹੋਮ) ਬਣ ਰਿਹਾ ਹੈ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਡਾ. ਜੈਨ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਨਸਾਨ ਨੂੰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਬਣ ਕੇ ਹਰ ਸਰੀਰਕ ਸਮੱਸਿਆ ਨੂੰ ਪ੍ਰਭੂ ਦਾ ਫਲ ਸਮਝ ਕੇ ਮੁਸ਼ਕਿਲਾਂ ਦਾ ਹਾਸੇ ਨਾਲ ਸਾਹਮਨਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੰਤਰੀ ਮੋਦੀ ਨੂੰ ਅਪੀਲ ਹੈ ਕਿ ਭਾਰਤ 'ਚ ਇਸ ਬੀਮਾਰੀ ਦੇ ਮੁਫਤ ਟੀਕੇ ਦੀ ਖੋਜ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਹੋਵੇ।

ਤਿਲ-ਤਿਲ ਮਰਦੇ ਬੱਚੇ ਦਾ ਦਰਦ ਸਮਝਣਾ ਨਾਮੁਮਕਿਨ

ਨਿਸ਼ਾਂਤ ਸ਼ਰਮਾ ਦੀ ਮਾਤਾ ਸੀਮਾ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਦਰਦ ਬਿਆਨ ਕਰਦਿਆਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜੇਕਰ ਦੁਨੀਆ 'ਚ ਕਿਤੇ ਖੁਸ਼ੀਆਂ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣੀ ਜਾਨ ਦੀ ਬਾਜ਼ੀ ਲਾ ਕੇ ਆਪਣੇ ਬੱਚੇ ਦੀ ਮੁਸਕਾਨ ਲਈ ਹਰ ਖੁਸ਼ੀ ਦਾ ਖਿਡੌਣਾ ਖਰੀਦ ਕੇ ਲਿਆਉਂਦੀ।

12 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਬੇਟੇ ਨੂੰ ਤਿਲ-ਤਿਲ ਮਰਦੇ ਦੇਖਣ ਦਾ ਦਰਦ ਸ਼ਾਇਦ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਸਮਝ ਸਕਦਾ ਅਤੇ ਵ੍ਹੀਲ-ਚੇਅਰ 'ਤੇ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਨਾਲ ਜੂਝ ਰਹੇ ਬੇਟੇ ਦੇ ਮੂੰਹ ਤੋਂ ਮੈਂ ਸੁਪਨਾ ਦੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਦੌੜ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਗੱਲ 'ਤੇ ਪਰਿਵਾਰ ਬੇਬਸੀ 'ਚ ਹੰਝੂ ਵਹਾਉਂਦਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਵੱਲੋਂ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਦਵਾਈਆਂ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਹੀ ਸ਼ਾਇਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਜਿਊਣ ਦਾ ਹੱਕ ਦੇ ਸਕੇਗਾ ਜੋ ਸੈਂਕੜਿਆਂ ਮਾਸੂਮਾਂ ਦੀ ਕੀਮਤੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀਆਂ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣ 'ਚ ਸਹਾਇਕ ਸਾਬਿਤ ਹੋਵੇਗਾ।

ਰੰਗ ਬਾਨੀ ਈ-ਪੇਪਰ
Wed,02 October 2024
Edition: tarntaran bani, Page no. 1

SEVA DHAAM ASHRAM

SEVA TRUST UK

SERVING TOGETHER FOR A BETTER FUTURE

"Empowering Lives Through Care and Compassion"

www.sevatrustuk.org
www.sevadhaam.org
SEVATrustIndia

सेवा धाम - आश्रम

(संचालित: सेवा ट्रस्ट यूके - भारत)

Charitable Trust (Regd.)

दुर्लभ रोग उपचार आश्रम:

- ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (DMD) से पीड़ित बच्चों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी, कटूथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, योग, ध्यान एवं आयुर्वेदिक उपचार
- निःशुल्क कंप्यूटर कौशल विकास सैंटर (लड़कियों के लिए)
- निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन सैंटर (महिलाओं के लिए)
- निःशुल्क डे केयर सैंटर (बुजुर्गो के लिए)
- डायग्नोस्टिक सैंटर (आधुनिक जांच सुविधाओं के साथ)

पता: गाँव व डाकखाना साहा, जिला अंबाला (हरियाणा) - 133104 infoindia@sevatrustuk.org

संपर्क करें: +91-99928-62888, +91-80000-03214, +91-94169-53887, +91-98130-19391, +91-94164-30503

"निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और सहयोग के साथ..."

भास्कर खास • सेवा ट्रस्ट यूके साहा में 6655 गज में बनाएगा मल्टी फैसिलिटी होम

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों को मल्टी फैसिलिटी होम में निशुल्क मिलेंगी सुविधाएं

भास्कर न्यूज | अम्बाला

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) दुर्लभ रोग मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों के लिए साहा में 6655 गज में मल्टी फैसिलिटी होम बनाएगा। जिसमें दुर्लभ रोग मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों के लिए निशुल्क थैरेपी व दवाइयां दी जाएंगी। चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक एनआरआई चरण कंवल सेखों के मार्गदर्शन में इस प्रोजेक्ट को शुरू किया जा रहा है। इस आधुनिक सेंटर में इस बीमारी से ग्रस्त बच्चों को सभी तरह की आधुनिक व थैरेपी निशुल्क दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा व पंजाब में लगभग 700 से ज्यादा बच्चे इस बीमारी से ग्रस्त हैं। ऐसे में उत्तर भारत का ये पहला ऐसा सेंटर होगा जहां फीजियोथैरेपी, हाइड्रोथैरेपी, साउथ की कटुथैरेपी (जिसमें बच्चों की हड्डियों को मजबूत करने के लिए एक्सरसाइज करवाई जाती है), मसाज थैरेपी, आयुर्वेद थैरेपी, योगा व मेडिटेशन, पंचकर्मा आदि की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही अभिभावकों व बच्चों को इमोशनल सपोर्ट एंड काउंसलिंग थैरेपी दी जाएगी। साथ ही हर्बल उपचार भी होगा। इस प्रोजेक्ट में कोस्पांसर डाबर इंडिया लिमिटेड भी सहयोग दे रहा है। बता दें कि ट्रस्ट ने पिछले डेढ़ साल से हरियाणा व पंजाब के 6 बच्चों को अडॉप्ट किया हुआ जिसमें 10 हजार प्रति महीना दवाइयां दी जाती है। सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल पटियाला से डॉ. अश्विनी राणा के मार्गदर्शन में अडॉप्ट किए बच्चों को दवाई दी जा रही है।

हरियाणा व पंजाब में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से लगभग 700 से ज्यादा बच्चे ग्रस्त हैं

अभिभावक थैरेपी पर 3 हजार रोजाना खर्च कर रहे

अभिभावकों को बच्चों की ये थैरेपी को करवाने के लिए प्रतिदिन 3 हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं, लेकिन सेंटर के खुल जाने से बच्चों को फीजियोथैरेपी के साथ बाहर की थैरेपी भी निशुल्क दी जाएगी। चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि सेंटर को शुरुआत में लगभग 98 लाख की लागत से बनवाया जा रहा है जिसकी दिसंबर तक पूरी होने की संभावना है। बच्चों की उम्र बढ़ाने के उद्देश्य से इस सेंटर को खोला जा रहा है। थैरेपी शुरू होने के बाद ट्रस्ट का लक्ष्य ये भी है कि यहां टेस्टिंग की सुविधा भी मुहैया करवाई जाए जिसके लिए अभी पीजीआई जाना पड़ता है। भविष्य में इन बच्चों के इलाज के लिए आयुर्वेदिक के साथ-साथ एलोपैथी, हाइड्रो होम्योपैथी, यूके व कनाडा के डॉक्टरों से परामर्श लिया जाएगा।

डी.एम.डी. पीड़ितों के लिए नि:शुल्क मल्टी फैसिलिटी होम (सेवा धाम) का शिलान्यास

मालेरकोटला, 12 अगस्त (वरिन्द्र): दुर्लभ रोग ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डी.एम.डी.) बीमारी ग्रस्तों को नि:शुल्क थैरेपी-दवाइयां देने के उद्देश्य से सेवा ट्रस्ट यू.के.(भारत) ने अम्बाला जिले के गांव साहा में मल्टी फैसिलिटी होम (सेवा धाम) के निर्माण कार्य के तहत भूमि पूजन करवाया।

राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन, ट्रस्टी विवेक शर्मा के सान्निध्य में कई राज्यों में कार्यरत सदस्यों के नेतृत्व में प्रमुख भूमि दान सहयोगी देवेन्द्र धीमान साहा, रिम्पल चौहान पूर्व सरपंच संभालखा ने विधि-विधान से पूजन करके शिलान्यास किया। वहीं रविंद्र शर्मा ने सुविधाओं-जन समर्पित कार्य का बाऊचर रिलीज किया।



सेवा धाम के शिलान्यास के मौके संयुक्त चित्र में मैंबर। (वरिन्द्र)

नरेश मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक एन.आर.आई. चरण कंवल सेखों के मार्गदर्शन में 6655 वर्ग फुट जगह में सेवा प्रकल्प चलेगा, जिसमें आधुनिक तकनीक से डी.एम.डी. या रेयर डिजीज से ग्रस्त बच्चों को नि:शुल्क फिजियोथैरेपी, कटुथैरेपी, योग, मैडीटेशन, हाइड्रोथैरेपी, इमोशनल सपोट-काऊंसलिंग, पंचकर्मा, हर्बल थैरेपी मिलेगी तथा आयुर्वैदिक के साथ एलोपैथी, हाइड्रो होम्योपैथी, यू.के.-कनाडा के डॉक्टरों के परामर्श तहत उपचार, टैस्ट सुविधा सहित भोजन आवास का प्रबंध होगा ताकि ग्रस्त बच्चों की उम्र को बढ़ाया जा सके, क्योंकि उक्त बीमारी में ज्यादा बच्चे छोटी आयु में ही मृत्यु के शिकार हो जाते हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा, पंजाब में सैंकड़ों बच्चे इस बीमारी से ग्रस्त हैं जिनके प्राथमिक इलाज हेतु को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से नि:शुल्क आयुर्वैदिक दवाइयां उपलब्ध होंगी।

इस मौके डा. वरिन्द्र जैन, विवेक शर्मा ने बताया कि सेवा धाम में डायग्नोस्टिक सैंटर लड़कियों हेत कम्प्यूटर कौशल सैंटर, महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण-उत्पादन केंद्र, वरिष्ठ नागरिकों हेतु डे-केयर सैंटर की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर सी.ए. वागिश शर्मा, पवन पराशर हरियाणा प्रधान, बलजिन्द्र कुमार, विकास कोशिक झज्जर, दविंदर सिंह सरपंच ढकौला, राकेश वोहरा, आदित्य जैन, गुरदेव सिंह, नवीन गुप्ता, गौरव गोयल, देशराज रंगा, शाना राम साहा, समता साहा, आशु, योगेश गर्ग, पूजा सैनी, गुरमीत पुनिया, सौरव शर्मा, अवतार सिंह, संजीव सिंगला, हरीश कुमार, राजिन्द्र सैनी, राजेश सैन, रमेश गुप्ता, हर्षित चावला सहित विभिन्न जिलाध्यक्षों में पवन मित्तल कुरुक्षेत्र, राज कुमार गर्ग कैथल, अंकित मलिक पानीपत, मनजीत सिंह झज्जर, नरेश कुमार, रमेश गुप्ता, विजय गर्ग, मुकेश बांसल, सुमंत सैनी आदि उपस्थित थे।

महिला व बुजुर्गों को भी आश्रम में मिलेंगी सुविधाएं

सेवा धाम आश्रम का निर्माण होगा पूरा, अप्रवासी भारतीयों ने की मदद

दुर्लभ बीमारी से पीड़त बच्चों के उपचार में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) से पीड़ित बच्चों के लिए सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) की ओर से गांव साहा में सेवा धाम-आश्रम का निर्माण किया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए इंग्लैंड के अप्रवासी भारतीयों ने आर्थिक योगदान देते हुए दान राशि का चेक ट्रस्ट को सौंपा।

इस राशि से भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर इंग्लैंड से आए शमिंद्र सिंह गरचा ने ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पहल पीड़ित परिवारों के लिए नई उम्मीद लेकर आएगी। भविष्य में भी ट्रस्ट की सहायता करने का आश्वासन दिया।

प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी

सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि इस सेवा धाम-आश्रम में डीएमडी से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क फिजियोथेरेपी, कटूथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, योग, मेडिटेशन और आयुर्वेदिक उपचार प्रदान किए जाएंगे। इन उपायों से बच्चों की जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा और उनकी आयु बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त इस आश्रम में लड़कियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर कौशल विकास केंद्र, महिलाओ के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र, बुजुर्गों के लिए निशुल्क डे-केयर सेंटर व आधुनिक जांच सुविधाओं से युक्त डायग्नोस्टिक सेंटर स्थापित किए जाएंगे।



बराड़ा। भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग देते हुए समाजसेवी। फोटो: हरिभूमि

2.5 करोड़ की लागत, महंगा इलाज चुनौती

ट्रस्टी विवेक शर्मा ने बताया कि इस सेवा धाम-आश्रम के निर्माण पर लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। हरियाणा और पंजाब में 700 से अधिक बच्चे इस दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे हैं। इन बीमार बच्चों को विशेष देखभाल और महंगे इलाज की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि डीएमडी के एक इंजेक्शन की कीमत करीब 16 करोड़ रुपये है। जीन थेरेपी का खर्च 28 करोड़ रुपये तक होता है। अधिकांश बच्चे महंगे इलाज के अभाव में कम उम्र में ही दम तोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि "डाबर इंडिया की ओर से इस बीमारी से पीड़ित बच्चों को निशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

इस दौरान यह रहे मौजूद

इस अवसर पर इंग्लैंड से आए रणजीत सिंह कंदोला, जोगा सिंह बिसला, अवतार सिंह गिल, सोढ़ी सिंह, सुखदेव सिंह गरचा, दिलबाग सिंह बागी बंगा सहित कई एनआरआई उपस्थित रहे। इसके अलावा, खलजिंद्र सिंह, सेवा धाम ट्रस्टी रिंपल चौहान, देवेंद्र धीमान, कुरुक्षेत्र प्रधान पवन मित्तल, मदन धीमान, रविंद्र शर्मा, अशोक, रविंद्रजीत सिंह, जसबीर सिंह तंगोर, ऋषि पाल धीमान और अंकित भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

BLOOD DONATION CAMPS

पंजाब केसरी TUE,03 SEPTEMBER 2024
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 6

रक्तदान महादान के भागी बने शहरवासी

जिस प्रकार एक जगह रुका पानी बदबू मारने लगता है, वैसे ही शरीर में पड़ा हुआ खून जाम हो जाता है, जिसके कारण कई बीमारियां हो सकती है। इसलिए रक्तदान करने से व्यक्ति कई बीमारियों से बच सकता है और उसके एक यूनिट रक्तदान करने से 5 लोगों की जिंदगी बच सकती है। - पवनमंत्री विजय चोपड़ा जी।



रक्तदान शिविर के दौरान मुख्य अतिथि पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी आंगनबाड़ी वर्कर्स को सम्मानित करते हुए। (पंजाबकेसरी)

अमर शहीद लाला जगत नारायण जी के 43वें शहीदी दिवस पर सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के सहयोग से पंजाब केसरी ग्रुप ने साहा में लगाया रक्तदान शिविर


शिविर में रक्तदान कर रहे युवा को बैज लगाते हुए चंद्रशेखर धरणी एवं सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) संस्था के पदाधिकारी। (पंजाबकेसरी)

पंजाब केसरी का इस बार 17000 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य : श्री अभिजय चोपड़ा

» 115 लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन, 95 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

अम्बाला छावनी, 2 सितम्बर (मनीष कुमार/जगमोहन चौटाला): पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी ने कहा कि 6 वर्ष पूर्व जब उनके मन में रक्तदान शिविर लगाने का विचार आया तो पंजाब केसरी मुख्यालय में लगे शिविर में 50 कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

इसके बाद से व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। पिछली बार कैंप में 13000 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और इस बार 17000 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्री अभिजय चोपड़ा जी अमर शहीद लाला जगत नारायण जी के 43वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को पंजाब केसरी ग्रुप द्वारा सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के सहयोग से अम्बेडकर भवन साहा में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में आए समाजसेवियों को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

इस शिविर में 115 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, लेकिन विशेषज्ञों के परामर्श पर 95 रक्तदाता ही रक्तदान कर पाए।

इससे पूर्व, सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) की तरफ से ट्रस्ट चेयरमैन नरेश मित्तल और जिला प्रधान पंकज छाबड़ा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

सर्वप्रथम शहीद लाला जगत नारायण जी को याद कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र जुनेजा एवंराष्ट्रीय सलाहकार डा. रमेश मदान, सेवा धाम ट्रस्टी रिंपल चौहान पूर्व सरपंच संभालखा, सेवा धाम ट्रस्टी देवेन्द्र धीमान साहा, वरगीज जग्गी, पवन मित्तल, लक्की वंसल, समता, राकेश चौहरा, जतिंदर पैन, पूज सैनी, राजेश सैनी, एडवोकेट जय राणा, विक्रमस मित्तल, सरपंच दविंदर ढकोरल, सरपंच योगेश बत्रा साहा, देश राज रंगा, संदीप चौधरी साहा, संदीप विज्ज, सुमित, संजीव, अभिषेक, संजीव, विशाल, दीपक, भारत, धीरज, ललित छाबड़ा, आशु, दीपक, अजय, प्रमोद, आशीष, अमन, राहुल, नवीन, सचिन, आशीष, मांगा, संदीप मनका आदि उपस्थित रहे।

श्री अभिजय चोपड़ा जी ने कहा कि पंजाब केसरी ग्रुप के चेयरमैन उनके दादा पद्मश्री विजय चोपड़ा जी कहते हैं कि जिस प्रकार एक जगह रुका पानी बदबू मारने लगता है, वैसे ही शरीर में पड़ा हुआ खून खराब हो जाता है, जिसके कारण कई बीमारियां हो सकती है। इसलिए रक्तदान करने से व्यक्ति कई बीमारियों से बच सकता है और उसके एक यूनिट रक्तदान करने से 5 लोगों की जिंदगी बच सकती है।

श्री अभिजय चोपड़ा जी ने कहा कि पंजाब में थैलीसीमिया के मरीजों की संख्या ज्यादा है, जबकि हरियाणा में कम है। इस बीमारी से पीड़ित मरीजों को एक साहब में कई बार खून को बदला जाता है, ऐसे में लोगों द्वारा किया गया रक्तदान ऐसे लोगों के लिए संजीवनी से कम नहीं है। ईश्वर के कर्मों का फल भगवान जरूर देते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज, उनके परदादा पितरों के अच्छे कार्यों की बदौलत हमें कल मिला है। सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के पदाधिकारी जुड़े हैं, ऐसे लोगों के कारण ही दुनिया का भला हो रहा है।

पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी ने सेवा ट्रस्ट के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के लिए सुभकामनाएं दी और सेवा ट्रस्ट द्वारा जो सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं, उनकी सराहना करते हुए कहा कि पंजाब केसरी ग्रुप हमेशा ट्रस्ट के साथ इस मुहिम में खड़ा है। शिविर में 115 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 95 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।



शहीद लाला जगत नारायण जी की याद में लगाए गए रक्तदान शिविर में पहुंचे पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी को बुका भेंट कर उनका स्वागत करते सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) से चेयरमैन नरेश मित्तल, जिला प्रधान पंकज छाबड़ा एवं अन्य व दाएं दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। (पंजाबकेसरी)


मुख्य अतिथि पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी शिविर में अपनी सेवाएं देने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को सम्मानित करते हुए। (पंजाबकेसरी)


रक्तदान करने पहुंचे युवाओं का हौसला बढ़ाते मुख्य अतिथि पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी। (पंजाबकेसरी)


शिविर में रक्तदान कर रही होमगार्ड की महिला जवान सीमा का उत्साह बढ़ाते पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी। (पंजाबकेसरी)

सराहनीय कार्य करने वालों का मुख्य अतिथि ने किया सम्मान

सराहनीय कार्य करने वालों को मुख्य अतिथि पंजाब केसरी समूह के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा द्वारा सम्मान दिया गया, जिसमें आंगनबाड़ी वर्कर, हैल्थ टीम में टैक्नीकल ऑफिसर प्रदीन व उनकी टीम, सरपंच टबोला देवेंद्र, साहा सरपंच के पिता काका बत्रा, गोल्डी सरपंच को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटिड द्वारा लगभग 2 लाख की लागत की सामग्री व जूस वितरित किया गया।

इनको मिला रक्तदान का सौभाग्य

रक्तदान करने वालों में चरणजीत सिंह, श्रीराम, संदीप कुमार, विश्वास, अजय कुमार, राजपाल धीमान, ललित सविन, हैप्पी पुनिया, अभिनव, राकेश, रणधीर जांगड़ा, राजेंद्र कुमार, संजीव, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, गुरप्रीत, रवि करण, नितिन भारद्वाज, शिव्रम, राजेश, दुष्यंत, धीरू, रविंदर कुमार, राजकिशोर, हिमांशु, सचिन, विशाल, विवेक वैद, गोल्डी, मंजीत, गौरव, नवीन कुमार, संदीप, दंश कुमार, सीमा रानी, उदय शर्मा, यमन छाबड़ा, बलबीर सिंह, संजीव कुमार, विक्की, कुलजिंदर, तुषार, रविंदर कुमार, आशिक भाटिया, नमन, गुरजोत, सुमन, विशाल, अमन, मुकेश कुमार, भारत, विराट, अजय कुमार, राकेश, संजीव, अमित कुमार, विनोद कुमार, दीपक राणा, धीरज गर्ग, रविंदर कुमार, बलदेव, अभिषेक, राहुल, सुमित, राजेंद, संजीव, अजय कुमार व पंकज छाबड़ा तथा अन्य मुख्य रहे।

मल्टी फैसिलिटी होम के बारे करवाया अवगत

सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के फैशियर विक्रेक शर्मा ने ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों व गांव साहा जिला अम्बाला में 6655 वर्ग जगह में सेवा धाम (मल्टी फैसिलिटी होम) बारे साझियों को अवगत करवाया गया। इसके अलावा सेवा धाम में डायनोस्टिक सैंटर, लड़कियों के लिए कम्प्यूटर कोर्सज सैंटर, महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र और वरिष्ठ नागरिक के लिए डे केयर सैंटर की सुविधा भी दी जाएगी। मंच संचालन करते हुए बलजिंदर कुमार ने मुख्य अतिथि के हाथों से साहा में कार्यरत 10 आशा वर्कर को भी डाबर की किट देकर सम्मानित किया गया। ब्लड बैंक अम्बाला कैंट से डॉक्टर गौरी शर्मा शर्मा व टैक्निकल ऑफिसर प्रदीन कुमार के नेतृत्व में रक्त यूनिट एकत्रित की गई।

रक्तदान कर मन हुआ प्रसन्न





रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि पंजाब केसरी ग्रुप के निदेशक श्री अभिजय चोपड़ा जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए संस्था के सदस्य गण्मान्य व्यक्ति। (पंजाबकेसरी)


रक्तदान करने वाले जिला प्रधान पंकज छाबड़ा के साथ युवा। (पंजाबकेसरी)


रक्तदान करते हुए जिला प्रधान पंकज छाबड़ा के साथ युवा। (पंजाबकेसरी)


रक्तदान करने वाले युवाओं के साथ जिला प्रधान पंकज छाबड़ा, पूर्व सरपंच व ट्रस्टी रिंपल चौहान। (पंजाबकेसरी)


अमर शहीद लाला जगत नारायण जी के 43वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में अम्बेडकर भवन, साहा में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के पश्चात खुशी जाहिर करते रक्तदाता। (पंजाबकेसरी)

Rohtak Kesari
Oct 10, 2024

पंजाब केसरी

कैंसर पीड़ितों के लिए 257 ने किया रक्तदान



रक्तदाता को बैज लगाते आयोजक।

रोहतक,9 अक्तूबर (मैनपाल) : संस्थाओं इंडेण्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रक्त संचय करने का कार्य एम्स बाढ़सा तथा रैडक्रॉस दिल्ली के रक्तकोषों ने किया।

संस्था सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि संस्था लगातार कैंसर तथा डी.एम.डी. बीमारी से ग्रस्त मरीजों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही है। संस्था द्वारा साहा अंबाला में ऐसे मरीजों के लिए मल्टी स्पैशलिटी होम भी तैयार किया जा रहा है।

संस्था से पूनम देशवाल ने सभी को संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को बैच लगाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। संस्था आई.वी.एफ से नवीन सोनी ने बताया कि सर छोटूराम धर्मशाला व एक्सिस बैंक के सामने लगाए गए शिविर में कुल 257 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जो 771 कैंसर मरीजों के काम आएगा। उन्होंने बताया कि कुछ ट्यूमर, रक्त कैंसर और विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी जैसे कैंसर के उपचार आर.बी.सी. को नुकसान पहुंचाते हैं या नष्ट कर देते हैं, जिससे रक्त चढ़ाना आवश्यक हो जाता है। आज विज्ञान की इतनी तरक्की के बाद भी रक्त को दूसरा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सभी युवाओं को हर 3 महीने में रक्तदान करते रहना चाहिए। वहीं दीपक ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान से होने वाले लाभों के बारे में बताया।

शिविर को सफल बनाने में अंशु, संदीप कुमार, नवीन कुमार, दिनेश डगर, अभिषेक, रतिदेव आदि का विशेष सहयोग रहा।

Rohtak Kesari
Aug 19, 2024

पंजाब केसरी

108 रक्तवीरों ने कैंसर पीड़ितों के लिए किया रक्तदान



रक्तदान करते रक्तवीर।

रोहतक, 18 अगस्त (मैनपाल) : स्वच्छ भारत स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत संस्थाओं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेण्थ विज़न फाउंडेशन द्वारा बाबा संतोकदास मंदिर धर्मशाला छारा में कैंसर पीड़ितो के लिए विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें एनएसीआई एम्स बाढ़सा के रक्तकोष की टीम ने 108 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थाओं से मास्टर प्रदीप तथा अनिल दलाल ने की। शिविर को सफल बनाने में बाबा संतोक दास मंदिर सेवा ट्रस्ट तथा ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा का विशेष सहयोग रहा। बिसान गाँव के सरपंच इंदरजीत सिंह सुहाग मुख्य अतिथि तथा समाज सेवी दीपक दलाल, सतेंद्र दलाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर तथा सर्टिफिकेट देकर हौसला बढ़ाया। उन्होंने रक्तदाताओं को बताया कि जब आप रक्तदान करते हैं तो यह हेल्दी आयरन लेवल को बनाए रखने में मदद करता है। जिससे कैंसर के विकास का खतरा कम हो जाता है।

वही बार-बार रक्तदान करने से कुछ प्रकार के कैंसर जैसे कि लीवर, पेट, फेफड़े, कोलन और गले के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। इंडेण्थ विज़न फाउंडेशन से पूनम देशवाल ने बताया कि रक्तदान करने से पहले आपके शरीर की स्क्रीनिंग होती है। ऐसे में आपके कई चेकअप फ्री में होते हैं जिन्हें आमतौर पर करवाने में हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं।

सेवा ट्रस्ट से जितेंद्र कुमार ने सभी रक्तदाताओं को संस्था की कॉर्पोरेट डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेट की। ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा के निदेशक सतेंद्र दलाल ने रक्तदान किया तथा सभी रक्तदाताओं को मग भेंट किए। इस अवसर पर स्नेहा, खुशी, हेमंत, प्रियंका, कैप्टन जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

केसरी में लगा शिविर, 42 लोगों ने किया रक्तदान

अम्बाला, 4 नवम्बर (बलराम): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) द्वारा गांव केसरी में स्वर्गीय रोहन मित्तल की पहली पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने की। रक्तदान शिविर के दौरान मुख्य अतिथि शामिंदर सिंह गरचा इंग्लैंड एवं अन्य अतिथियों ने स्वर्गीय रोहन मित्तल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शामिंदर सिंह गरचा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा जो विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, वह एक बहुत ही नेक कार्य है, क्योंकि रक्तदान से न सिर्फ हमारे शरीर, बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। रक्तदान से हम किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं और साथ ही हमारी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। रक्तदान से हमारे दिल की क्रिया में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है, हृदय जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। शिविर में 54 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 42 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में कंवरपाल यादव एवं अंजू बाला ने पहली बार, पवन मित्तल ने 31वीं, विशाल ने 26वीं और बलवीर सिंह ने 22वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में एच.डी.एफ.सी. बैंक का विशेष योगदान रहा। ट्रस्ट ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटिड की तरफ से सभी रक्तदाताओं को जूस वितरित किया गया।



गांव केसरी में सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) द्वारा आयोजित शिविर के दौरान रक्तदान करते युवक। (चौटाला)



गांव केसरी में आयोजित शिविर के दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित करते सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के पदाधिकारी। (चौटाला)

रक्तदान शिविर में श्रद्धांजलि देने वालों में योगा सिंह बिसला इंग्लैंड, बाबा सिंह बिसला इंग्लैंड, दिलबाग सिंह बागी, गांव केसरी के सरपंच प्रतिनिधि रूपिन्द्र सिंह, रिंपल चौहान, दविंदर धीमान साहा, पवन पराशर, बलजिंदर कुमार, आर.एस. वालिया, गुरविंदरपाल सिंह, डा. प्रतिभा सिंह, पंकज छाबड़ा साहा, अमृतपाल सिंह, प्रीतपाल सिंह, हर्षित, गुरमीत पुनिया, वागीश शर्मा, पवन मित्तल, राकेश वोहरा, आदित्य जैन, राजेश सैन, परमजीत सिंह बड़ौला, अंकुर गुलाटी, विकास कौशिक, के.पी. यादव, अंकित ढाका, सुमित, डा. कुलदीप गुप्ता, नवीन गुप्ता, के.डी. शर्मा पंचकूला, हरबंस धुरकड़ा, चरणजीत सिंह, ललित कुमार, सुरेंद्र मित्तल, समता साहा, विकास मित्तल, रशिपंदर सिंह एवं विशाल शर्मा आदि शामिल हुए।

WOMEN EMPOWERMENT ACTIVITY

दैनिक भास्कर **अम्बाला भास्कर** 05-06-2024

जानें शहर की संस्थाओं को • गांव केसरी में ट्रस्ट ने शुरू किया फ्री डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रस्ट कर रहा काम, 25 लड़कियों के लिए शुरू किया सिलाई सेंटर

भास्कर न्यूज | अम्बाला

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के संस्थापक एनआरआई चरन कंवल सेखों के मार्गदर्शन में हरियाणा व पंजाब के 15 जिलों में समाज सेवा मिशन के तहत काम किया जा रहा है। गांव केसरी अम्बाला में ट्रस्ट ने निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर शुरू किया है। बच्चों को कॅरियर संबंधित जानकारी व टाइपिंग भी सिखाई जाती है। इस सेंटर में लगभग 25 लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। ट्रस्ट की तरफ से इससे पहले भी अब तक 65 लड़कियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

जल्द ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव साहा में ट्रेनिंग कम प्रॉडक्शन सेंटर बनाया जाएगा। इसमें महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर व कंप्यूटर सेंटर भी बनाया जाएगा, जिसमें उन्हें निशुल्क सिलाई सिखाई जाएगी व गांव में उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट को दिसंबर तक शुरू कर दिया जाएगा।



चलाया हुआ है अभियान

ट्रस्ट न केवल बच्चों की शिक्षा के लिए बल्कि उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए काम करता है। ट्रस्ट ने अब तक स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान में 1145 कार्यक्रमों का आयोजन करके स्कूली छात्र, वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों, आशा वर्कर्स, सफाई कर्मी, झुग्गी झोपड़ियों व खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की पोषण सामग्री 498215 लोगों को दी है। ट्रस्ट पर्यावरण के लिए भी काम कर रहा है जिसमें हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत 3570 पौधे लगाए है। महिला सशक्तिकरण अभियान में 110 ऊषा सिलाई सेंटर खोलकर सैंकड़ों महिलाओं को आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है। पिछले दो साल में ट्रस्ट ने 78 ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जिसमें 6660 यूनिट खून एकत्रित किया गया।

2017 को बना था ट्रस्ट

ट्रस्ट का मूल उद्देश्य सर्वोत्तम शिक्षा, स्वस्थ जीवन, स्वच्छ वातावरण व महिलाओं को सशक्तिकरण बनाना है। ट्रस्ट यूके इंग्लैंड और एन्लाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड (कनाडा स्थित एनजीओ) के सहयोग से 300 से अधिक बच्चों को छात्रवृति, शिक्षा किट के रूप में शैक्षिक सहायता दे रहा है। चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया इस मुहिम में ट्रस्टी विवेक शर्मा, सीए वागिश शर्मा, पवन पराशर हरियाणा कोऑर्डिनेटर, जोनल हेड विरेंद्र जैन मलेरकोटला, बलजिंद्र कुमार, गुरदेव सिंह, पवन मित्तल कुरुक्षेत्र कोऑर्डिनेटर, शमिंद्र सिंह नवांशहर कोऑर्डिनेटर, विकास कौशिक, राज कुमार गर्ग कैथल कोऑर्डिनेटर, हेमलता अम्बाला कोऑर्डिनेटर सामाजिक गतिविधियों में अपनी अपनी भूमिका निभा रहे है।

दैनिक भास्कर **झज्जर भास्कर** 18-11-2024

मंडे पॉजिटिव • ग्रामीण महिलाएं अपने सिले हुए कपड़े बेचकर बदल रही हैं घर की लाइफस्टाइल, जानिए आत्मनिर्भर बनने की कहानी

चूल्हा-चौका के साथ खाली समय में सीखी सिलाई, अब चला रही हैं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र

भास्कर न्यूज | झज्जर

जहां चाह वहां राह। इस कहावत को ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं सच साबित कर रही हैं। अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं सिर्फ चूल्हा-चौका और बच्चों की देखभाल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपनी मेहनत, नई सोच और आत्मविश्वास से न सिर्फ अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं, बल्कि घर की लाइफस्टाइल को भी बदल रही हैं। इनमें से कई महिलाओं ने इस जिम्मेदारी को निभाने के साथ-साथ खाली समय में अपने हुनर को मजबूत किया और सिलाई-कढ़ाई सीखी। इनमें से कई महिलाएं खुद का सिलाई केंद्र खोलकर अन्य महिलाओं को भी इस क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रही हैं। पिछले 1 साल में घर के चूल्हे चौके तक ही सीमित बेरी की रेखा पत्नी बलराज, दुजाना की पूनम पत्नी ईश्वर सिंह, बीरधना की शर्मिला और वजीरपुर की अनीता उन महिलाओं के लिए आदर्श बनकर उभरी हैं, जिन्होंने बीते एक साल में सिलाई-कढ़ाई- बुनाई का कोर्स सिखा। अब ये महिलाएं न केवल खुद का सिलाई प्रशिक्षण केंद्र चला रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी इस हुनर में पारंगत कर रही हैं। बेरी की रेखा और दुजाना की पूनम ने बताया कि किस तरीके से उनके परिवार वालों ने उनका सपोर्ट किया,जिसकी बदौलत अब वे समाज की मुख्य धारा में है। उनका कहना है कि शुरुआत में कुछ अड़चनें आईं, लेकिन घर की जिम्मेदारी को भी निभाया और खाली समय में यह काम सीखा। इन महिलाओं का कहना है कि जब उनके बनाए और सिले हुए कपड़े मार्केट में बिक्री होते हैं या उनके पास ऑर्डर आता है तो घर की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। बेरी में उषा सिलाई स्कूल चला रही रेखा देवी ने बताया कि पुरुषों को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में उनका साथ देना चाहिए।

आत्मनिर्भरता की ओर एक और कदम : 30 महिलाएं प्रशिक्षण लेकर अपना सिलाई स्कूल खोलेंगी

शहर की सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया से जुड़ी पूनम देशवाल, रीना देवी और संस्था के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि पिछले वर्ष संस्था ने जिले के 15 गांवों में ऊषा सिलाई स्कूल खोलकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया था। अब इस प्रयास को और बढ़ाते हुए, इन गांवों में दो-दो ऊषा सैटेलाइट स्कूल खोले जाएंगे, जिससे और भी अधिक महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण मिलेगा। जिसके लिए 30 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें ऊषा इंटरनेशनल से ट्रेनर का सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। राजेश शर्मा ने बताया कि गांवों में महिलाओं को सिलाई का कार्य तो आता था, लेकिन उनके पास डिप्लोमा या सर्टिफिकेट न होने के कारण वे अपने हुनर का सही इस्तेमाल नहीं कर पाती थीं। अब संस्था और ऊषा इंटरनेशनल की पहल ने इन महिलाओं को पहचान और अवसर दिए हैं, जिससे वे घर पर रहकर ही अपना रोजगार शुरू कर सकती हैं।


दुजाना की पूनम सिलाई करतीं हुईं।


झज्जर. बेरी निवासी रेखा खिलाई का काम करतीं हुईं।

ट्रस्ट ने 100 महिलाओं को दिए सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण प्रमाणपत्र

- ट्रस्ट ने ऊषा इंटरनेशनल और सिडबी के सहयोग से आयोजित किया कार्यक्रम
- सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया अब तक चार लाख लोगों को कर चुकी सम्मानित
- जिप चेयरपर्सन, नप की निवर्तमान चेयरपर्सन ने किया सम्मानित



महिलाओं को सम्मानित करती हुई थानेसर नप चेयरपर्सन उमा सुधा और जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर।

जागरण संवाददाता●कुरुक्षेत्र: सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की ओर से ऊषा इंटरनेशनल और सिडबी के सहयोग से अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में करीब 100 से ज्यादा महिलाओं को ऊषा सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर थानेसर नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा मुख्यातिथि रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर मौजूद रहीं। अग्रवाल वैश्य पंचायत कुरुक्षेत्र के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के राज्य प्रधान पवन पाराशर, जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने की।

जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि सेवा ट्रस्ट सामाजिक कार्यों को बहुत बेहतरीन ढंग से कर रहा है। विशेषकर महिला सशक्तिकरण को लेकर तो बहुत कार्य कर रहा है। थानेसर नप की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से महिलाओं का सर्वांगीण विकास होगा और वह अपनी आजीविका कमाने में सक्षम होंगी। कार्यक्रम में आई हुई महिलाओं को प्रमाणपत्र व डाबर इम्यूनिटी किट देकर सम्मानित किया गया। राज्य प्रधान पवन पराशर ने बताया कि ट्रस्ट 110 से ज्यादा सिलाई-कटाई सेंटर चला रही है। जिनमें महिलाएं उत्कृष्ट प्रशिक्षण पाकर अपनी आजीविका कमा रही हैं। सेवा ट्रस्ट का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। कुरुक्षेत्र में सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित 25 ऊषा सिलाई सेंटरों एक हजार से अधिक महिलाएं सिलाई-कढ़ाई का कार्य सीख रही हैं। उन सभी सक्रिय महिला सदस्यों को सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा समस्त प्रांत में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर, समानता, सम्मान के अधिकार बोध और अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा सके। कोआर्डिनेटर विजय पंघाल, योगेश गर्ग व नरेश शर्मा ने बताया कि इस कड़ी में अब तक संस्था द्वारा स्कूली विद्यार्थियों, वृद्धाश्रम, आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य, सफाई कर्मी व खिलाड़ियों के लिए 1300 से अधिक सम्मान समारोह आयोजित कर करीब चार लाख लोगों को अपनी सह प्रायोजक डाबर इंडिया के सौजन्य से बूस्टर किट वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर पूजा सैनी, कपिल मित्तल, मुनीश मित्तल, विक्की सैनी, पवन धीमान, तेजस मित्तल, सुमंत सैनी, जसबीर राणा मौजूद रहे।

****

महिला सशक्तिकरण के तहत 80 लड़कियों को भेंट कीं डाबर इम्युनिटी बूस्टर किटें

स्वावलंबी कन्या ही खुशहाल समाज का प्रतीक: मित्तल

मालेरकोटला, 23 जून (स.ह.): 'पंजाब केसरी' समाचार पत्र समूह के प्रधान सम्पादक श्री विजय चोपड़ा जी की धर्मपत्नी तथा संयुक्त प्रबंधक निदेशक श्री अविनाश चोपड़ा-अमित चोपड़ा की पूजनीय माता स्व. स्वदेश चोपड़ा जी की प्रेरणा से सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ-बेटी बसाओ' तहत महिला सशक्तिकरण मुहिम चलाई है।

इसमें लड़कियों को संस्कृति-संस्कारों-धार्मिकता से जोड़ने सहित स्वयं की निर्णय निर्माता, सम्मानित जीवन, शैक्षणिक आजादी, सामाजिक समानता, कानूनी अधिकार, रोजगार, आत्मनिर्भरता हेतु विशेष पग बढ़ाए हैं।

इसी के तहत ट्रस्ट के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों, राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन के सानिध्य में जिला टीम के अजय गर्ग, अशोक सिंगला, अनिल गुप्ता, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, सजीव सिंगला ने प्रिंसिपल कमलजीत सिंह, इंचार्ज राकेश कौर के सहयोग से आई.टी.आई. गांव जडाली में 'स्वावलंबी कन्या-सुखद खुशहाल समाज' सैमीनार करवाया।



लड़कियों को बूस्टर किट बांटते मैंबर। (वीरेन्द्र)

इसमें डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान तहत 80 लड़कियों, 10 कर्मचारियों को लगभग 90 हजार कीमत की डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट (बलीच क्रीम बाक्स, रियल फल जूस, चवनप्राश, पेस्ट, नारियल-आंवला आयल पैक आदि) भेंट कीं।

इस मौके नरेश मित्तल ने कहा कि एकजुटता से सामाजिक परिवर्तन का संकल्प करे ताकि कन्याएं स्वावलंबी बन कर जी सकें तथा लड़कियों को किताबी शिक्षा के साथ संस्कृति से अवगत करके उत्साह-आत्मविश्वास बढ़ाये।

इस मौके डा. जैन ने कहा कि हर राष्ट्र के विकास में महिलाओं का अहम महत्त्व होता है तथा किसी समाज की प्रगति उस समाज की स्त्रियों की स्थिति से पता चल जाती है।

एक कथन अनुसार स्त्री पैदा नहीं होती-बनाई जाती है तथा समाज अपनी आवश्यकता अनुसार स्त्री को ढालता आया है जबकि सामाजिक-आर्थिक प्रगति महिलाओं पर निर्भर होती है। इसलिए महिलाओं का सम्मान करके आगे बढ़ने का मौका दे वही बच्चियां भी शिक्षा के माध्यम से जाग्रत-सक्रिय होकर हर रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़े तो नारी सशक्तिकरण के मायने प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

इस मौके सजीव सिंगला ने कहा कि बेटियों को अच्छे संस्कार-शिक्षा देकर सुदृढ़ समाज की स्थापना करे तथा भ्रूण हत्या-दहेज आदि पर लगाम कसकर नारी को गौरव गरिमा प्रदान करे वही अनिल गुप्ता ने कहा कि मानवता के प्रहरी बनकर, लगन, नम्रता से समाज सेवा को प्रमुखता दे।

ENVIORNMENT PRESERVATION ACTIVITY

सेवा ट्रस्ट यूके विद्यार्थियों में रोपित कर रहा पर्यावरण संस्कार का 'पौधा'





पौधे वितरित करते सेवा ट्रस्ट यूके भारत के कोआर्डिनेटर पवन मित्तल। ● सौ. सदस्य

जागरण संवाददाता●कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के संस्कार को रोपित कर रहा है। जैसा पर्यावरण हमें मिला है आने वाली पीढ़ी को कम से कम ऐसा ही पर्यावरण मिल सके इसको लेकर बच्चों में ऐसी आदतें डालने की जरूरत है, क्योंकि बच्चों में डाले गए संस्कार ही आने वाली पीढ़ी का इतिहास लिखते हैं। इसके चलते ट्रस्ट की ओर से जिले के सात राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के हाथों से स्कूल और पंचायत की आसपास की जमीन पर अब तक 1254 पौधे लगवाए जा चुके हैं। इतना ही नहीं इन पौधों की देखभाल इन्हीं बच्चों के हाथों से करवाई जा रही है। बच्चे बड़े होकर पर्यावरण के असली मायनों को जान सकें इसलिए ट्रस्ट ने यह कदम उठाया है। ट्रस्ट के सदस्य हर 15 दिन में पौधे का निरीक्षण करते हैं। फिर इन बच्चों को इसके प्रति प्रेरित करने के लिए ट्रस्ट की ओर से हर 15 दिन में डाबर का जूस, शैंपू और चव्यनप्राश भेंट करती है। ऐसा करने पर ट्रस्ट ताकि बच्चे पर्यावरण के असली मायने समझ सकें।

सात स्कूलों में 1254 पौधे रोपित करवाए : लाडवा खंड के गांव पटाक माजरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 251 पौधे रोपित करवाए गए। पिहोवा खंड के गांव धूलगढ़ गुलडेहरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 251, थाना के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 151, सुंदरपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 50, गांव हसाला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 100, शाहाबाद के गांव मुगल माजरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 251, शाहाबाद के गांव तगौर के राजकीय विद्यालय में 200 पौधे विद्यार्थियों के हाथों से ट्रस्ट की ओर से रोपित करवाए जा चुके हैं।

बच्चों में पर्यावरण प्रेम जागृत करने के लिए किया जा रहा प्रयास : यूके सेवा ट्रस्ट भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य राजिंदर सैनी, राजेश सैन, सुमत सैनी, विजय पंघाल, रमेश थाना, जसवीर राणा, दिलबाग, नरेश शर्मा, योगेश शर्मा, योगेश शर्मा, प्रवीन गर्ग, राजकुमार मेहता की एक कमेटी गठित की हुई है। यह कमेटी इन स्कूलों के आसपास रोपित पौधों का निरीक्षण समय-समय पर करती है। इसके लिए विद्यार्थियों को डाबर के जूस व दूसरे प्रोडक्ट पुरस्कार के रूप में दिए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों की रुचि अपने पौधे को लेकर बनी रहे। अगर पौधे को समय पर पानी और देखरेख मिलती रहे तो वह स्वयं ही फलता फूलता है। इससे विद्यार्थियों के अंदर पर्यावरण प्रेम जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है।

पौधों का ख्याल रखने वाले बच्चों का हर माह सम्मान करेगा ट्रस्ट



पौधारोपण करतीं जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर । ● जागरण

जागरण संवाददाता, ● कुरुक्षेत्र: ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया व जिला परिषद द्वारा संयुक्त रूप से हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। मुख्यातिथि जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर रहीं। कार्यक्रम का संचालन जसबीर राणा, जिला परिषद सदस्य रमेश पाल ने संयुक्त रूप से किया। ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व मास्टर गंगाधर ने कहा कि जो पौधे आज लगाए गए हैं पौधों के बड़ा होने तक लगातार बच्चे ही उनकी देखभाल भी करेंगे। इन सभी बच्चों को सेवा ट्रस्ट द्वारा हर महीने सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में पौधारोपण करने के साथ ही 400 से अधिक बच्चों को पौधे वितरित किए गए। साथ ही मौजूद बच्चों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत ने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने कार्यक्रम में भाग ले रहे विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे सांस की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ पानी का दुरुपयोग और दूसरी तरफ पानी के लिए हाहाकार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। मुख्यातिथि ने सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के इस सफल कार्यक्रम के लिए खूब तारीफ की। ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने सेवा ट्रस्ट की गतिविधियों बारे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने ट्रस्ट की सह-संयोजक डाबर इंडिया के सहयोग से विद्यालय के सभी बच्चों को डाबर जूस वितरित किए। पूर्व सरपंच अनिल राणा व पूर्व ब्लाक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि गोपाल राणा ने आए हुए सभी अभिभावकों व समाजसेवियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अमित पाल, सोनू राणा, मास्टर मामचंद, मास्टर नरेंद्र, कंवरपाल राणा मौजूद रहे।

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया का हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत पौधारोपण अभियान निरंतर जारी

पौधारोपण कर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया



पौधारोपण अभियान के अवसर पर बच्चे एवं शिक्षक। (विनोद खुंगर)

कुरुक्षेत्र, 6 जुलाई (विनोद खुंगर): सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुरा में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया की टीम के पहुंचने पर मुख्य शिक्षिका रजनी शर्मा ने स्वागत किया। टीम ने बच्चों के साथ सबसे पहले विद्यालय मे पौधारोपण किया गया और दो सौ से ज्यादा बच्चों को पौधे वितरित किए। उपस्थित बच्चों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। रजनी शर्मा ने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं। सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पर्यावरण की देखभाल के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मनुष्य के क्रियाकलापों के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है जिससे सांस की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) की गतिविधियो बारे विस्तार पूर्वक बताया।

अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया के सहयोग से विद्यालय के सभी बच्चों को डाबर शैम्पू वितरित किए गए। जिला प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर राजेश शर्मा ने सभी बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों और अध्यापकों को आज लगाए गए सभी पौधों को देखभाल के लिए गोद लेने को कहा। खंड कोऑर्डिनेटर थानेसर राजेश सैन् ने कहा कि जो बच्चे आज लगाए गए पौधों के बड़ा होने तक लगातार देखभाल करेंगे उन सभी बच्चों को सेवा ट्रस्ट द्वारा हर महीने सम्मानित किया जाएगा। मुख्याध्यापिका शशि व पूजा शर्मा ने आए हुए सभी अभिभावकों तथा समाजसेवियों का धन्यवाद किया।

Sangrur Kesari
Apr 24, 2024 (IST)
पंजाब केसरी

विश्व पृथ्वी दिवस : 'आइये पानी-बिजली बचाकर धरती मां का कर्ज उतारें'

मालेरकोटला, 23 अप्रैल (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यूके के जिला सीनियर को-ऑर्डिनेट व वातावरण प्रेमी अशोक सिंगला (चेयरमैन विश्व शक्ति पाइप कंपनी) तथा कपिल सिंगला ने 'धरती दिवस पर सेवा समर्पित' प्रकल्प तहत सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव रटोला में पानी, बिजली के बचाव प्रति जागृत सैमीनार करवाया, जिसमें प्रिंसीपल गोपाल सिंह के नेतृत्व में 51 पौधे लगाकर वातावरण की शुद्धता हेतु धरती मां को नमन किया, वहीं पृथ्वी का अस्तित्व बरकरार रखने हेतु बच्चों को विभिन्न बीज की पनीरी भेंटकर सम्मानित किया।

इस मौके अशोक सिंगला ने बताया कि धरती हमें जीवन से जुड़ी सैकड़ों चीजों का वरदान देती है इसलिए सभी कर्तव्य भाव से धरती को साफ-सुथरा, पौधे लगाने, पानी के उचित प्रयोग, पॉलीथीन इस्तेमाल बंद, रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ा पर मानवता के प्रहरी बने। क्योंकि वन हमारी भूमि के फेफड़े है जो हवा को शुद्ध करके नई ताकत देते हैं जबकि अपनी मिट्टी-वन को नष्ट करने वाले स्वयं ही नष्ट होते हैं।

इसलिए ग्लोबल वार्मिंग के पर्यावरण प्रभाव पर शोध, जीवन संपदा बचाव, जनसंख्या वृद्धि पर कंट्रोल आदि बिन्दु ही मानव जाति



सैमीनार में भाग लेते पदाधिकारी। (वरिन्द्र)

को बचा सकते हैं।

इस मौके एम.डी. कपिल सिंगला ने बताया वर्तमान में मनुष्य की लापरवाही से बिजली-पानी की समस्या गंभीर रूप धारण कर रही है। जिस कार्य को किसान कम पानी, कम बिजली के उपयोग से पूर्ण कर सकते है उसमें अनदेखी-कम जानकारी से आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं जबकि जमीन के नीचे गिर रहे पानी के स्तर को बचाने के लिए कदम उठाना बड़ी जरूरत बन गया है। इसलिए किसान खेतों में पानी पहुंचाने हेतु अच्छी क्वालिटी वाली पी.वी.सी. पाइप का प्रयोग करके पानी की बर्बादी को रोके।

इस मौके प्रिंसीपल गोपाल सिंह ने कहा कि पृथ्वी ने हमें सुखी जीवन हेतु समस्त संसाधन, सुविधाएं प्रदान की है इसलिए पृथ्वी को स्वच्छ,हरा भरा रखना हमारा प्रमुख फर्ज बनता है परन्तु मनुष्य के क्रियाकलापों से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है तथा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से वायु प्रदूषण, सांस की बीमारियां, पानी का दुरुपयोग बढ़ रहा है। जबकि पर्यावरण प्रति संवेदनहीन तहत पृथ्वी संरक्षण, असामान्य जलवायु परिवर्तन के निदान हेतु प्रकृति से छेड़छाड़ की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाने होगी।

डा. आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर किया पौधारोपण



पौधरोपण अवसर पर बच्चे एवं पदाधिकारी। (विनोद खुंगर)

कुरुक्षेत्र, 6 दिसम्बर (विनोद खुंगर): सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) द्वारा संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि बाबा साहेब ने आधुनिक भारत के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया।

सेवा ट्रस्ट यू.के. की सिटी कोऑर्डिनेटर सीमा शर्मा ने कहा कि भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पकार, वंचितों व शोषितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर जी को उनकी महापरिनिर्वाण दिवस पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है।

रमेश थाना व पवन धानिया ने भी रखे। इस अवसर पर राजीव व नीरज वर्मा ने भी सहयोग किया। सेवा ट्रस्ट द्वारा अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से सभी बच्चों को इम्यूनिटी बूस्टर कीट वितरित की गई। इस अवसर पर ईश्वर, गीता देवी, उर्मिला देवी, रणधीर सिरोही व बच्चे मौजूद रहे।

SOCIAL AWARENESS CAMPS

Sangrur Kesari
Nov 17, 2024
पंजाब केसरी

तुलनात्मक रिसर्च को नकारें व अपने सपने बच्चों पर न थोपें : प्रि. इरफान

■ 1835 विद्यार्थियों-आमजन को 8 लाख की इम्युनिटी बुस्टर भेंट





सैमीनारो की झलकियां। (वरिन्द्र)

मालेरकोटला, 16 नवम्बर (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने जिले के विभिन्न सरकारी कालेज-स्कूलों-धार्मिक स्थलों पर 'डिप्रैशन से बचाव' सेमीनार सहित इम्युनिटी बुस्टर वितरण समागम करवाएं। जिसमें इस्लामिया गर्ल्स कालेज की प्रिंसीपल रोहीला खान ने कहा कि वैज्ञानिक युग ने इंसान को सुख सुविधाओं से लैस करके भले ही तेज रफ्तार वाली जिंदगी में सवार किया पर हम स्वर्थ-दोस्तों-समाज हेतु कुछ पल की फुर्सत निकालने में भी असमर्थ हो रहे हैं तथा दिमाग पर डिप्रैशन (तनाव) के शिकंजे के घातक परिणाम परिवारों को भुगतने पड़ते हैं, वहीं टूटते रिश्तों से आत्महत्या-सामाजिक बुराइयों की दर ऊंचाइयों पर पहुंचने लगी है। क्योंकि डिप्रैशन से व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों से घिरा रहता है। जबकि शारीरिक के साथ मानसिक स्वस्थ बनकर पारिवारिक सांझ से समाधान संभव हैं।

इस मौके इस्लामिया गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रिंसीपल शबा सलीम ने कहा कि हमेशा आपसी विचारधारा वाले समझदार मित्र बनाए जो बातों को समझ सकें तथा जीवन में सफलता हेतु बने सोशल मीडिया वाले आविष्कारों के दुरुपयोग की दलदल से बचकर आउटर खेलों, जनसेवा, सामाजिक हित में खुद को समर्पित करे।

ऊधर सरकारी एजुकेशन कालेज में प्रिंसीपल मोहम्मद इरफान ने कहा कि आधुनिकता में अपने स्वार्थ के चक्र में परिवार छोटे हो रहे है तथा पति-पत्नी-बच्चे कुछ दायरों तक ही सीमित होने लगे हैं, वही कामकाज में व्यवस्था से एक दूसरे के दुख-सुख को साझा नहीं कर पाना डिप्रैशन बढ़ाता है तथा घरों में बुजुर्ग का बच्चों के बिना अकेले हो जाना बुढ़ापे में सुखों की बजाए तनाव में ले जाता है। इतना ही नही बच्चों के कैरियर-फ्यूचर को हाई प्रोफाइल बनाकर दिमागी परेशानियों, खुशी हीन प्रवृत्ति बढ़ रही है तथा अभिभावकों का अपने होनहार बच्चें की समानता अन्य से करना कुंठा का शिकार बनाता है।

इसलिए तुलनात्मक रिसर्च को नकारे व अपने सपने बच्चों पर न थोपे बल्कि सफल लोगों की कहानियां सुनाए तथा ख्वाहिश की सुविधाओं पर पैनी नजर भी बना कर रखे।

ऊधर सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्रिंसीपल रमनदीप कौर तथा मेजर हरदीप सिंह सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल गवारा में इंचार्ज अब्दुल शकूर ने कहा कि बच्चे पढ़ाई को बोझ न समझे बल्कि मन से पढ़े तथा अपने माता पिता से जीवन की हर बातें शेयर करे, तर्क को समझे पर कभी जुबान न लड़ाये। वही हर कार्यशैली में खुद को आगे रखे तथा भविष्य बारे जरूरतनुसार सोचे तथा कैरियर हेतु दिमाग को तनाव मुक्त रखकर मन से कार्य में ध्यान लगाए।

इस मौके सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन के सान्निध्य में जिला प्रभारी सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, सजीव सिंगला, शाबिया बानो, साहिल जिंदल, अनिल गुप्ता ने डाबर इंडिया लिमिटेड कंपनी के सौजन्य से 'भारत स्वस्थ-समुदाय स्वस्थ' अभियान तहत 219 से 225 वे जिला प्रकल्प अधीन शिव मंदिर रोहीड़ा में 360 भक्तों को 8 हजार का जूस, माता श्री नयना देवी भंडारा कमेटी के कैंप में 401 लोगों को 10 हजार का जूस, इस्लामिया गर्ल्स कालेज-स्कूल में 724 लड़कियों-स्टाफ को साढ़े 5 लाख, सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल हथन में 252 लड़कियों को डेढ़ लाख, सरकारी एजुकेशन कालेज में 50 लड़कियों को 30 हजार, मेजर हरदीप सिंह सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल गवारा में 48 बच्चियों को 30 हजार के ब्यूटी प्रोडक्ट-विभिन्न जूस की इम्युनिटी बुस्टर किट भेंट करवाई है।

Sangrur Kesari
Nov 22, 2024
पंजाब केसरी

प्रेरणा सैमीनार : 'मैं से हम की ओर चलने' वाली शिक्षा ही जीवन में अपनाएं : भीमसेन

■ 2427 लोगों को 5 लाख की वूस्टर किट भेंट





विभिन्न सैमीनार में वूस्टर किट बांटते मैंबर। (वरिन्द्र)

मालेरकोटला, 21 नवम्बर (वरिन्द्र): हमारा जीवन केवल स्वयं के स्वार्थ की पूर्ति हेतु नहीं अपितु समाज में सबके साथ मिलजुल कर कार्यरत रहने से ही लक्ष्य प्राप्ति कर सकता है क्योंकि जब एक-दूसरे की चिंता करके दुख-सुख में काम आएंगे तथा 'मैं' से 'हम' बनकर जिएंगे तो जिंदगी में सन्तोष-सुख-आनंद की अपार अनुभूति होगी, वहीं भविष्य में 'हम वाली शिक्षाओं' से उत्तम-श्रेष्ठ विचारों का अनुमोदन होगा।

यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन के सान्निध्य में विभिन्न स्कूलों-धार्मिक स्थलों पर सामाजिक एकता सैमीनार श्रृंखला में 'उज्ज्वल भविष्य हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन' तहत सेवा भारती एवं भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष भीमसेन जिंदल ने कहे हैं।

इस मौके सेवा ट्रस्ट जिला प्रभारी साहिल जिंदल (श्री बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट-समय सेवा समिति सदस्य) के नेतृत्व में डाबर इंडिया लिमिटेड कंपनी के सौजन्य से 'भारत स्वस्थ-समुदाय स्वस्थ' अभियान तहत जैन मुनि श्री कुंदन कन्या सीनियर सैकेंडरी महाविद्यालय में मुख्यातिथि विक्की शर्मा (अध्यक्ष नगर कौंसिल अहमदगढ), अमि चंद जोशी (पूर्ण ज्योत आई समिति), अशोक गोयल, केदार कपिला, प्रेम गुप्ता (मैनेजमैंट कमेटी सदस्य), प्रिंसीपल हरपाल कौर, सौरभ शर्मा, अवतार सिह, अनिल गुप्ता आदि ने 228वें जिला प्रकल्प अधीन 105 विद्यार्थीगण-स्टाफ, 50 समाजिक बंधुओं को 1 लाख 70 हजार हजार के ब्यूटी प्रोडक्ट, बीटा पाऊडर, आंवला-सरसों-बादाम मिक्सर तेल आदि की किट भेंट करवाई है।

इसी तरह मुंडे अहमदगढ़ वैल्फेयर क्लब के नशा छुड़ाओ जागरूक कैंप में 226वें जिला प्रकल्प तहत 200 लोगों को 5 हजार रुपए का जूस तथा मीरी पीरी वैल्फेयर सोसायटी अध्यक्ष कीर्तन सिंह, हरदीप सिंह हुंजन, गुरमुख सिंह बिरदी, बघेल सिंह, इन्द्रजीत रुपाल, हरमिंदर सिंह, हरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, रनधीर महोली के सहयोग से 227वें जिला सर्वधर्म सेवा प्रकल्प अंतर्गत गुरुपर्व पर 1700 के करीब भक्तों को 41 हजार रुपए का जूस वितरित किया, वहीं सरकारी एजुकेशन कालेज में प्रिंसीपल मुहम्मद इरफान के सहयोग से सरकारी कालेज कर्मसर (राडा साहिब) में 422 लड़कियों-स्टाफ को 229वें कन्या विकास प्रकल्प से 2 लाख 94 हजार के ब्यूटी प्रोडक्ट भेंट किए।

इस मौके डा. वरिन्द्र जैन ने कहा कि हम अच्छे व्यवहार, त्याग-बलिदान, संस्कार, विनयशील शिष्टाचार के स्मरण को ठुकरा कर आधुनिकता में पाश्चात्य विचारधारा के प्रभाव वाले अज्ञान चिह्न का परिहास बन रहे हैं, जिससे आपसी सांझ की वाणी का अलोप हो रहा है जबकि दीन दुखियों-अभावग्रस्त बांधवों को सामाजिक कुरीतियों-शोषण-अन्याय से मुक्त करवाने की शिक्षा से ओत-पोत होकर युवा पीढ़ी सुसंस्कृत राष्ट्र का निर्माणकर्ता बन सकती है तथा अपने मानसिक-शारीरिक-बौद्धिक-अध्यात्मिक विकास तहत जीवन की हर चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामने करने का लक्ष्य तय कर सकती है।

Rohtak Kesari
May 19, 2024 (IST)
पंजाब केसरी

गुड तथा बैड टच के बारे में अपने बच्चों को जरूर बताएं : पूनम

रोहतक, 18 मई (मैनपाल) : संस्थाओं सेवा ट्रस्ट यू के इंडिया तथा इंडेप्थ विज़न फाउंडेशन के द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ी खुमार में गुड और बैड टच के बारे मे बच्चों को जागरूक किया, जिसमें 65 विधार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की इंचार्ज राजबाला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही।

संस्था आईवीएफ से पूनम देशवाल ने बताया कि बच्चे जैसे जैसे बड़े होते हैं, उन्हे अपने शरीर के अंगो को लेकर जिज्ञासा होने लगती है। ऐसे में बच्चों को बताना जरूरी है कि शरीर के कई अंग ऐसे है जिन्हे छूने का अधिकार सिर्फ उन्हे है, किसी और को नही।

जब कोई व्यक्ति इस तरह से छूता है कि आप इससे असहज महसूस करते है या फिर उस व्यक्ति का छूना आपको बुरा लगता है। यह बैड टच



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जागरूक करते विशेषज्ञ।

कहलाता है। वही अगर कोई अनजान व्यक्ति आपके प्राइवेट पार्ट कर छूने का प्रयास करता है यह भी बैड टच होता है।

संस्था सेवा ट्रस्ट से नरेंद्र कुमार बताया कि अगर किसी विद्यार्थी के साथ कोई बुरा व्यवहार करता है तो वह अपने माता पिता अथवा अध्यापक को बताये या सरकार द्वारा चलाई गई चाइल्ड हैल्पलाइन नंबर 1098 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

उन्होंने संस्था की कॉस्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ़ से सभी को इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेट की। इस अवसर पर मास्टर सुखबीर, प्रवीण, विकाश कौशिक मौजूद थे।

हेल्थ • 'साफ हाथ बेहतर सेहत' मुहिम के तहत 101 परिवारों को इम्युनिटी बूस्टर किए भेंट

'खांसते और छींकते समय रूमाल रखें, अच्छी तरह से हाथ धोने पर 99% कीटाणु खत्म'

भास्कर न्यूज | मालेरकोटला

सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) ने संस्थापक एनआरआई चरण कंवल सेखों की अगुवाई में साफ हाथ बेहतर सेहत मुहिम के तहत 101 परिवारों को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। ट्रस्ट चेयरमैन नरेश मित्तल ने कहा कि बेहतर सेहत प्राप्त करने का आसान तरीका हाथों को पूरी तरह साफ रखना है। कोई भी काम करते समय हमारे हाथ पर बैक्टीरिया-वायरस जमा हो जाता है। जो जाने-अनजाने में गंदे हाथों के जरिए पूरे शरीर पर फैल जाते है और मनुष्य को भयानक बीमारियों का शिकार बना देती है। इसलिए



मालेरकोटला में इम्युनिटी बूस्टर किट वितरित करते सेवा ट्रस्ट यूके के सदस्य।

कुछ भी खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह धोना चाहिए। खांसते या छींकते समय रूमाल का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे भयानक बीमारियों से बचाव हो सकता है। वातावरण प्रेमी और सीनियर जिला कोऑर्डिनेटर अशोक सिंगला ने अपील की कि खाना खाने से पहले, शौच करने के बाद, कोई भी सफाई करने के बाद, पालतू जानवरों से खेलने के बाद, बीमार व्यक्ति को मिलने के बाद, छींकने और खांसने के बाद हाथ धोकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। गर्ग ने कहा कि हम दिनभर में दर्जनों वस्तुओं को छूते हैं, तो कीटाणु हमारे हाथों पर चिपक जाते है। जो खाना खाते समय पेट में दाखिल होकर बीमारियों का कारण बनते हैं। जबकि सिर्फ हाथों को अच्छी तरह धोने से ही 99 प्रतिशत कीटाणु दूर हो जाते है। इसलिए हाथ धोने के महत्व को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. वरिंदर जैन, अजय गर्ग, अशोक सिंगला, अनिल गुप्ता, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, सजीव सिंगला आदि उपस्थित थे।

Seva Trust UK India launches voter awareness campaign in urban and rural areas

DALBIR MALIK
KURUKSHETRA, SEPT 1



Seva Trust UK India has been running a continuous voter awareness campaign to make people aware in the urban and rural areas of Kurukshetra. On Sunday campaign under the guidance of Pawan Mittal, District Coordinator of Seva Trust UK India a dozen voters were present. Programs were organized in villages. He said that in these programs, especially the youth and women were made aware about voting. Mr Mittal said that they lived in the world's largest democratic country the main feature of democracy was that the government was elected by the people, for the people and of the people. Assembly elections were the biggest unit of the Mahayagna of state democracy. Through these elections, they ensured the development of their state, village and city as well as the last person of the society.

So they must definitely offer sacrifice in the form of vote in this great festival of democracy. He said that people's vote was their voice. Pooja Saini, Block Coordinator of Seva Trust said that in the democratic system, people were supreme and every vote has great importance. Therefore, all voters should honestly discharge their duty towards the country by voting in this festival of democracy. Prominent social worker Dayalo Devi appealed to all voters to participate enthusiastically in the festival of democracy and to ensure the progress of the state by voting in maximum numbers and ensure their participation in development.

Everyone thanked Seva Trust UK India for this voter awareness campaign. On this occasion, Seva Trust UK India distributed immunity booster kits to all women and youth through its co-sponsor Dabur India. In the voter awareness program Sameer Saini, Rajkali, Ritu, Nisha, Pinky, Saroj, Arzoo, Ruchi, Manjeet, Manoj, Prince were also present.



सेवा ट्रस्ट ने अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर चलाया जागरुकता अभियान

प्लास्टिक बैगों की बजाय कपड़े के थैले प्रयोग के लिए किया प्रेरित

बराड़ा, 4 जुलाई (गेरा): वैश्विक सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके भारत के तत्वाधान में बुधवार को स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के अंतर्गत खंड बराड़ा के अधोया में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक पाठशाला परिसर में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के उपलक्ष में एक जागरुकता अभियान प्रधानाचार्य राजेश पराशर की अध्यक्षता में चलाया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को प्लास्टिक बैग मुक्त अभियान के तहत शपथ दिलाकर अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के प्रांतीय प्रधान पवन पराशर ने विद्यार्थियों को इस दिन का महत्व बताते हुए कहा कि प्लास्टिक का प्रदूषण हमारे पर्यावरण को काफी तेजी से नुक्सान पहुंचा रहा है।

पृथ्वी पर पर्यावरण का प्रदूषण समूची मानवता के लिए एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है।

यह वह समय है जब हमें इस समस्या पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए इसके समाधान के लिए प्रयास शुरु करने होंगे।

पराशर ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सबसे पहले हमें प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करना चाहिए। हम घर में बनाए हुए कपड़े के थैले का उपयोग करें और समाज को इसके प्रति जागरूक करें।

वहीं विद्यार्थियों की प्लास्टिक बैग मुक्त अभियान पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को उपहार भेट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश पराशर, राजेश कुमार, डा. बलवंत सिंह, कप्तान सिंह, कुलदीप सिंह, कमलजीत कौर, अमिता गुप्ता व रीना सहित अन्य स्टाफसदस्य उपस्थित रहा।

FOOD & CLOTH DISTRIBUTION EVENTS

Ludhiana Kesari

Oct 25, 2024

पंजाब केसरी

3101 लोगों को 3 लाख रुपए का दैनिक सामान बांटा

अहमदगढ़, 24 अक्तूबर (सेठी): संसार में माता-पिता ही प्रभु समान है जिनकी मनोभाव से सेवा करके प्राप्त शिक्षाओं को जीवन का अहम उद्देश्य बनाए। नशों-सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त करे तथा मेहनत की अग्नि में ईर्ष्या को जलाकर अंतिम श्वास तक देश-समाज प्रति कर्त्तव्यों को निभाने हेतु समर्पित रहने का प्रण करे।



बच्चों को सामान वितरित करते मैंबर।

यह विचार सेवा भारती अध्यक्ष भीम सैन जिंदल ने 'समाज सेवा प्रथम कर्त्तव्य' सैमीनार तहत स्लम एरिया विद्यार्थियों की सायंकालीन क्लास में कहे। इस मौके सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन, संजीव सिंगला, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, हरिन्द्र शर्मा के सान्निध्य में जिला प्रकल्प 213 अधीन डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से 85 बच्चों, 5 अध्यापकों को मिक्स फ्रूट जूस, लीची-अनार-अमरूद-कोरनवैरी-कीवी जूस, अदरक चटनी, शैम्पू, गुलाब जल, आंवला ऑयल आदि के डेढ़ लाख रुपए की लागत से दैनिक बूस्टर प्रोडक्ट निःशुल्क भेंट किए।

इस मौके पर सेवा भारती के सरपरस्त पवन विशाल, महामंत्री सुशील नागर, कैशियर कृष्ण कुमार वर्मा, राजेंद्र गोयल, आनंद सागर, अम्मी चंद जोशी, सजीव विनायक, बी.एस. सपरा, संदीप कपूर, जतिन्द्र जैन, एच.पी. जोशी, भूपेश ढंड, अश्विनी गुप्ता, समाज सेवक साहिल जिंदल आदि ने ट्रस्ट सदस्यों को आदर की चादर, स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

इसी तरह ट्रस्ट ने जिला प्रकल्प 210 अंतर्गत अनिल गुप्ता के सहयोग से संगरूर के पिंगलवाडा, कुष्ठ आश्रम में 360 मरीजों को 21 हजार रुपए का दैनिक समान, प्रकल्प 212 तहत दीपक कपूर के सहयोग से पटियाला में मोरल वैल्यू पाठशाला में 56 बच्चों को 11 हजार का जूस, प्रकल्प 216 में जिला संगरूर को-आडिनेटर सजीव जैन के सहयोग से लुधियाना के एक ज्योत विकलांग बच्चों का स्कूल में 101 मरीजों हेतु 5 हजार का जूस, प्रकल्प 209 व 211 से वाल्मीकि समागम में 2500 भक्तों को 51 हजार का जूस वितरित करवाया। इस मौके पर समाज सेवक साहिल जिंदल ने कहा कि समाज को एकजुट रखने हेतु जातियों-बुराइयों से बाहर निकलना होगा।

स्वदेश चोपड़ा जी की स्मृति में लोगों को 5 लाख का दैनिक उपयोग का सामान बांटा

मालेरकोटला, 5 फरवरी (वरिन्द्र) : पंजाब केसरी समाचार पत्र समूह के प्रधान सम्पादक विजय चोपड़ा जी की धर्मपत्नी तथा संयुक्त प्रबंधक निदेशक अविनाश चोपड़ा-अमित चोपड़ा की पूजनीय माता स्वदेश चोपड़ा जी की स्मृति में सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने विभिन्न स्कूलों में दुर्लभ आनुवंशिक रोग ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डी.एम.डी.) संबंधी जागरूकता सैमीनार लगाये।



स्कूलों में सेवा प्रकल्प करते मैंबर। (वरिन्द्र)

जिसमें राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डॉ. वरिंद्र जैन के सान्निध्य में अनिल गुप्ता, संजीव सिंगला, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, हरविन्द्र सिंह हैरी, रविन्द्र शर्मा, सैमी खान-रजिया खान ने 1211 लोगों को 5 लाख का दैनिक सामान बांटा है। इस मौके नरेश ने कहा कि विजय चोपड़ा जी के दर्शाए मदद पंथ से प्राप्त खुशी को शब्दों में बया नहीं कर सकते।

वही स्वर्गीय स्वदेश चोपड़ा जी ने सेवा के जो संस्कार परिवार को विरासत में सौंपे है वो हम सबके परिवारों हेतु प्रेरणा स्त्रोत बन रहे है। जिस तहत डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान अंतर्गत जिला प्रकल्प 239 से 244 तहत हिमाचल में नयना देवी भवन समक्ष 500 लोगों को 31 हजार का जूस, अहमदगढ़ में ब्यूटी कोर्स की 70 लड़कियों को 5 हजार की ब्लीच किट, 30 दिव्यांगजन को 45 हजार, सैमी खान-रजिया खान द्वारा चयनित 41 जरूरतमंद परिवारों को 60 हजार, सरकारी स्कूल अकबरपुर छन्ना में 320 विद्यार्थियों को 3 लाख, सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल अमरगढ़ में 251 बच्चों को 1 लाख रुपये की लागत के (फल जूस पैकेट, शहद, ब्लीच क्रीम, सरसो-आवला-बादाम तेल, साबुन, वाटर सेविंग बोतल, ब्रस, मैजिक रंग आदि) प्रोडैक्ट भेंट किये।

इस मौके डा. जैन, सजीव सिंगला ने कहा कि पंजाब केसरी परिवार ने बेखोफ-निर्भय पत्रकारिता से देश हेतु कुर्बानियां दी है तथा देश-समाज भले हेतु डट कर खड़े रहना सिखाया है। क्योंकि दूसरों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है तथा किसी के लिए भोजन, पानी, वस्त्र का प्रबंध अति उत्तम बताया है। अनिल गुप्ता, सौरभ शर्मा ने कहा कि मानवता के प्रहरी बनकर, लगन, नम्रता से समाज सेवा को प्रमुखता दे तथा समर्पण का पाठ परिवार को शिक्षा में प्रदान करे। इस मौके अवतार सिंह ने कहा कि बेटियों को अच्छे संस्कार-शिक्षा देकर सुदृढ़ समाज की स्थापना करे तथा भ्रूण हत्या-दहेज आदि पर लगाम कसकर नारी को गौरव गरिमा प्रदान करे।

रवींद्र शर्मा, हरिन्द्र हैरी ने कहा कि समाज में कन्याओं का सम्मान करने की परम्परा अति प्रेरणादायी रही है वही इंसानो की निस्वार्थ सेवा में लीन होने पर भगवान हर दुख निवारण करते है।

COMMUNITY MOBILIZATION ACTIVITY

सेवा ट्रस्ट ने 2427 लोगों को 5 लाख की बूस्टर किटें कीं भेंट

अहमदगढ़, 22 नवम्बर (इरफान): मैं से हम की ओर चलने वाली शिक्षा ही जीवन में अपनानी चाहिए। यह विचार सेवा भारती एवं भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष भीमसैन जिंदल ने कहे।



सैमीनार के अवसर पर बूस्टर किट बांटते मैंबर साथ हैं स्कूल प्रबंधक। (इरफान)

इस मौके सेवा ट्रस्ट जिला प्रभारी साहिल जिंदल के नेतृत्व में डाबर इंडिया लिमिटेड कंपनी के सौजन्य से भारत स्वस्थ-समुदाय स्वस्थ अभियान तहत जैन मुनि श्री कुंदन कन्या सी.सै. महाविद्यालय में मुख्यातिथि विक्की शर्मा अध्यक्ष नगर कौंसिल अहमदगढ, अम्मी चंद जोशी, अशोक गोयल, प्रिं. हरपाल कौर, सौरभ शर्मा, अवतार सिह, अनिल गुप्ता आदि ने 228वें जिला प्रकल्प अधीन 105 विद्यार्थी, 50 सामाजिक बंधुओं को 1.70 लाख के ब्यूटी प्रोडक्ट, बीटा पाऊडर, आंवला-सरसों-बादाम मिक्सर तेल आदि की किट भेंट की।

इसी तरह मुंडे अहमदगढ़ वैल्फेयर क्लब के नशा छुड़ाओ जागरूक कैंप में 226वें जिला प्रकल्प तहत 200 लोगों को 5 हजार रुपए का जूस तथा मीरी पीरी वैल्फेयर सोसायटी अध्यक्ष कीर्तन सिंह व मैंबरों के सहयोग से 227वें जिला सर्वधर्म सेवा प्रकल्प अंतर्गत गुरुपर्व पर 1700 के करीब भक्तों को 41 हजार रुपए का जूस वितरित किया।

वहीं प्रिं. मोहम्मद इरफान के सहयोग 422 लड़कियों-स्टाफ को 229वें कन्या विकास प्रकल्प से 2.94 लाख के ब्यूटी प्रोडक्ट भेंट किए।

सेवा ट्रस्ट यूके, भारत ने किया कार्यक्रम आयोजित

बराड़ा, 5 जनवरी (गेरा): सेवा ट्रस्टयूके, भारत द्वारा राष्ट्रपति युवा अवॉर्डी स्व. तरुण कौशल की याद में गांव सरकपुर में महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम बढ़ाते हुए कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बराड़ा के समाजसेवी श्याम लाल व सेवा ट्रस्ट यूके, भारतद्ध के चेयरमैन नरेश मित्तल विशेष तौर पर उपस्थित रहे।



गांव सरकपुर में महिलाओं को सम्मानित करते सेवा यूके ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य। (गेरा)

मल्टी फैसिलिटी होम में मिलेंगी सामजिक सुविधाएं

ट्रस्ट के चेयरमैन ने तरुण कौशल के जीवन काल के दौरान किए गए विभिन्न कार्यों का वर्णन किया, साथ ही उन्होंने यह बताया कि अम्बाला के साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है, जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। इसमें दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है, ताकि नन्ही जिंदगियों को बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा की सेवा धाम में विभिन्न स्किल कोर्स भी करवाए जाएंगे, जिससे महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर पाएंगी सकेंगी।

कार्यक्रम के बारे में अवगत करवाते हुए ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य बलजिंदर कुमार ने बताया कि स्व. तरुण कौशल की पुण्यतिथि पर बराड़ा क्षेत्र में लगातार सात दिन विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्व. तरुण कौशल ने हमेशा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य अग्रणी रहे। इसी कड़ी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर में स्व. तरुण कौशल को समर्पित करते हुए महिलाओं, छात्राओं, नव जन्मी कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में ट्रस्ट के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके इससे पहले भी सामाजिक कार्यों में सदा ही अग्रसर है और रक्तदान शिविर लगवाना, बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वयं रोजगार सहित अनेक कार्यक्रम सेवा ट्रस्ट यूके के द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया की 11 जनवरी तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है।

इस अवसर पर मदन गोपाल धीमान, नरेश कुमार, आदेश कुमार, सिमरन, पवन कुमार, प्रदीप दादुपुर ट्रस्ट के सदस्यों सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सेवा ट्रस्ट ने बच्चों को इम्युनिटी बूस्टर किटें बांटीं



मालेरकोटला | सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) की ओर से डाबर इंडिया के सहयोग से सरकारी स्कूलों के छात्रों को इम्युनिटी बूस्टर किटें वितरित की। ट्रस्ट के राष्ट्रीय उप चेयरमैन डॉ. वरिंदर सैणी की अगुवाई में सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, अशोक सिंगला, संजीव सिंगला, शाहिदा बानो द्वारा यह प्रोजेक्ट लगाया गया। ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने कहा कि बचपन में कोई चिंता और कोई तनाव नहीं होती, बल्कि यह समय व्यक्तित्व के निखार का होता है। इस मौके पर शिक्षा कोऑर्डिनेटर संजीव सिंगला ने बताया कि सरकारी प्राइमरी स्कूल हथोआ में हेड टीचर मोनिका रानी की अगुवाई में 149, सरकारी मिडल स्कूल हैदरनगर में इंचार्ज धरमिंदर सिंह की अगुवाई में 29, स्लम एरिया में बच्चों को शिक्षा देती अध्यापिका अंजली कुमारी की अगुवाई में 64 और सरकारी प्राइमरी स्कूल बालेवाल में इंचार्ज नीलम सिंगला की अगुवाई में 27 बच्चों को 3 लाख 65 हजार रुपए की लागत से दैनिक सामान की इम्युनिटी बूस्टर किटें भेंट की गई है।

ENTREPRENEUR DEVELOPMENT ACTIVITY

Rohtak Kesari
Dec 03, 2024

पंजाब केसरी

ब्यूटी पार्लर के व्यवसाय से बने आत्मनिर्भर : पिंकी रानी

रोहतक, 2 दिसम्बर (मैनपाल): संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाऊंडेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर स्टाइल ब्यूटी पार्लर वार्ड एक झज्झर में एक दिवसीय कार्य क्षमता सैमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टाइल पार्लर से बेबी कुमारी ने की।

संस्था आई.वी.एफ. से पिंकी रानी ने बताया कि हर महिला की सफलता दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। जब हम एक-दूसरे का उत्साहवर्धन करते हैं तो हम सबसे मजबूत होते हैं। हमे समाज की बंदिशों को छोड़कर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। ब्यूटी पार्लर के व्यसाय से हम आत्मनिर्भर बन सकती है।

ब्यूटी पार्लर कोर्स करने के बाद, हम किसी भी ब्यूटी पार्लर, ब्यूटी सैलून, नेल स्टूडियो या हेयर एंड मेकअप स्टूडियो में जॉब कर सकती हैं। इसके अलावा ब्यूटी पार्लर कोर्स करने के बाद फिल्मों, टैलीविजन या मॉडलिंग इंडस्ट्री में भी काम कर सकती हैं।

संस्था सेवा ट्रस्ट से खुशी ने सभी महिलाओं को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। उन्होंने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नीलम, मधु, सीमा, कुसुम, प्रियंका, रीत, किंजल आदि मौजूद थे।



महिलाओं की समानित करती संस्था की पदाधिकारी।

दैनिक भास्कर झज्जर भास्कर 06-03-2025

डिजिटल सहेली क्षमता निर्माण कोर्स लांच किया



झज्जर | इंडेप्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सहयोग से डिजिटल सहेली क्षमता निर्माण कोर्स लांच किया गया। नरेंद्र यादव ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से महिलाओं को उनके दैनिक जीवन में आईटी का उपयोग करके उनके दैनिक कार्यों को सुगम बनाने की तकनीक से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस कोर्स को पूरे मार्च कर सकती हैं। यह कोर्स महिलाओं के लिए निशुल्क उपलब्ध है। यह कोर्स ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। संस्था आईवीएफ से अनिल दलाल ने बताया कि इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का ज्ञान कराना है। कार्यक्रम के अंत में संस्था सेवा ट्रस्ट की को स्पांसर डाबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से जितेंद्र ने सभी को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। इस अवसर पर विनोद देवी, मंजू, ममता, प्रीति, सोनू, प्रीतम, दयानंद मौजूद रहे।

Sangrur Kesari
Dec 20, 2024

पंजाब केसरी

रोजगार मेले में महिलाओं को इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर किया सम्मानित



मालेरकोटला (वरिन्द्र) : सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डॉ. वरिंद्र जैन के सान्निध्य में ग्राम पंचायत बड़ूंदी के सहयोग से रोजगार मेला लगाया गया। जिसमें वर्धमान एपरल्स की प्रतिनिधि सतवीर राणा, सीनियर ट्रेनर तेजिंदर कौर टीम सहित भाग लिया है। इस मौके तेजिंदर कौर ने वर्धमान एपरल्स के सिलाई कारीगर भर्ती बारे विस्तार से बताया तथा नौकरी के साथ मिलने वाली अन्य सुविधाओं बारे में जानकारी दी।

ई.एच.डॉ. गुरदीप सिंह (जिला कोऑर्डिनेटर) ने कहा कि सेवा ट्रस्ट टीम के स्व-रोजगार के प्रयास अब फल देने लगे हैं तथा भविष्य में विभिन्न प्रोजैक्ट पर काम जारी रहेगा। इस मौके 100 प्रतिभागी महिलाओं-लड़कियों को 50 हजार रुपए के करीब की डाबर इम्यूनिटी बुस्टर किट देकर सम्मानित किया तथा जूस का लंगर लगाया। इस मौके दिलबाग सिंह सेखो, रछपाल सिंह खालसा, बलविंदर सिंह, जगतार सिंह नंबरदार, सुरजीत सिंह-प्रमोद सिंह-अवतार सिंह (पंचायत सदस्य) आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर झज्जर भास्कर 03-12-2024

ब्यूटी पार्लर वाली महिलाओं को किया सम्मानित



झज्जर | शहर की संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन के द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्य क्षमता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेबी कुमारी ने की। संस्था आईवीएफ से पिंकी रानी ने बताया कि ब्यूटी पार्लर कोर्स करने के बाद फ़िल्मों, टेलीविजन या मॉडलिंग इंडस्ट्री में भी काम कर सकती हैं। मीडिया हाउसेस में भी ब्यूटीशियन, हेयर, और मेकअप आर्टिस्ट की बहुत ज्यादा डिमांड होती है। ब्राइडल मेकअप आर्टिस्ट और ब्राइडल हेयर स्टाइलिस्ट के तौर पर भी काम कर सकती हैं। संस्था सेवा ट्रस्ट से खुशी ने सभी महिलाओं को डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। उन्होंने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नीलम, मधु, सीमा, कुसुम, प्रियंका, रीत, किंजल मौजूद रही।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar 07.01.2025 - 07 Jan 2025 - Page 3

महिलाओं के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

भविष्य में ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं पर मंथन किया

■ कार्यक्रम में जिले भर से स्वरोजगार करने वाली विभिन्न महिलाओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। क्षमता निर्माण कार्यशाला में मौजूद महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

इंडेष्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्थाओं द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य तथा सौंदर्य संबंधी जागरूकता के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से स्वरोजगार करने वाली विभिन्न महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजिका पूनम देशवाल ने बताया कि महिलाओं को अलग-अलग मुद्दों पर जागरुक किया गया। ब्यूटी पार्लर संचालिका सीमा द्वारा ब्यूटीशियन हेयर मेकअप आर्टिस्ट आदि के रूप में महिलाओं को रोजगार की संभावनाओं बारे जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान भविष्य में ब्यूटी पार्लर क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर ब्यूटी पार्लर संचालिका निधि, नेहा, सोनिया, संतोष, मोनिका, स्वीटी तथा विधि को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों के रूप में हन्नु, स्नेहा, जितेंद्र, मनोज कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

Rohtak Kesari
Nov 18, 2024
पंजाब केसरी

'30 महिलाओं को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

रोहतक,17 नवम्बर (मैनपाल) : संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा उषा इंटरनेशनल के सहयोग से ब्राह्मण धर्मशाला बेरी में 2 द्विसीय क्षमता निर्माण सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई,जिसकी अध्यक्षता संस्था से पूनम देशवाल व रीना देवी ने की।

संस्था के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि पिछले वर्ष संस्था के द्वारा झज्झर के 15 गांवों में उषा सिलाई स्कूल खोले गए थे।

इन स्कूलों का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना था। अब इन्ही गांवों में दो दो उषा सैटेलाइट स्कूल खोले जाएंगे।

जिसके लिए 30 महिलाओं को दो दिनों का सिलाई प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बेरी गौशाला के प्रधान मुख्य अतिथि तथा ब्राह्मण धर्मशाला के वर्तमान प्रधान सुभाष शर्मा, ब्राह्मण धर्मशाला के पूर्व प्रधान राजेंद्र प्रशाद, विश्व हिंदू परिषद बेरी से राजेश शर्मा, बजरंग दल से जसवंत विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहें।



महिलाओं को संबोधित करती पूनम देशवाल।

अतिथियों के कर कमलों द्वारा 30 महिलाओं को उषा इंटरनेशनल से ट्रेनर का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

राजेश शर्मा ने बताया कि गांवों में महिलाओं को सिलाई का कार्य आता है परंतु उनके पास डिप्लोमा या सर्टिफिकेट ना होने के कारण वे कुछ कर नहीं पाती। संस्था तथा उषा इंटरनैशनल की ये पहल बहुत सहरानिय है। इसके चलते महिलायें घर पर रह कर ही अपना रोज़गार शुरू कर पाएंगी।

प्रशिक्षण देने का कार्य उषा की ट्रेनर रेखा देवी, रीना, गीता तथा कोमल ने किया। बेरी में उषा सिलाई स्कूल चला रही रेखा देवी ने बताया कि पुरुषों को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में उनका साथ देना चाहिए।

पूनम देशवाल ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था इंडेष्थ विज़न फाऊंडेशन का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर गीता देवी, कोमल, रीना, रेखा, हेमलता, एकता, शबनम, पिंकी, ज्योति, शर्मिला, निशा, ममता, संध्या, पूजा, ऋतु, अनीता बाला, आरती, मीनाक्षी, सोनिया, मुस्कान, सुमन, शाक्षी, मोनिका आदि महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया तथा मौजूद रहीं।

MEDICAL HEALTH CAMPS

Seva Trust UK (India) organises free health check up camp in village Barara

JAIBER RANA THAMBER
BARARA- JAN 19

Seva Trust UK (India) organized a free health check-up camp at Guru Ravidas Mandir in Kambasi village of Barada block under the Swasth Bharat Swasth Samuday Abhiyan on Sunday. The program was presided over by village social worker Sameer Bakshi and state president of Seva Trust UK (India). Sameer Bakshi said that by organizing such camps, villagers got the convenience of getting their diseases checked in the village itself especially for elderly men and women. This check-up camp was a priceless gift. In the event, the team of Adesh Hospital examined various diseases of the villagers. Dr. Kuldeep Joshi and Rahul Managing Committee Adesh Medical College, Mohdi examined all the patients and gave special advice.

State President of the Trust Pawan Parashar said that under the guidance of Chairman Naresh Mittal, Seva Trust always took part in



all religious and social activities with great enthusiasm. In this regard, the organization has so far given donations to school students, blood donation camps, old age homes, slum areas. Dabur Booster Kit has been distributed to approximately 6.50 lakh people by organizing more than 1450 felicitation ceremonies for the people of the poor, Asha workers, leprosy ashrams, health workers, sanitation workers and sportspersons, courtesy of its co-sponsor Dabur India.

Sahil Bakshi praised Seva Trust UK (India) for these works of public welfare and also said that the construction of a multi-facility home in the name of Seva Dham in Saha was a matter of great pride for their region. He was committed to work together with the Trust in every possible effort to build Seva Dham.

Seva Trust, on behalf of its co-sponsor Dabur India Limited, presented immunity boosters as gifts to all the villagers who came to the check-up camp.

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 20.01.2025 - 20 Jan 2025 - Page 3

सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा स्वस्थ भारत स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत बराडा खंड के गाँव कम्बासी के गुरु रविदास मंदिर में मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के समाजसेवी समीर बख्शी और सेवा ट्रस्ट यूके भारत के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर ने की। समीर बख्शी ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से गांव वासियों को गाँव में ही अपनी बीमारियों की जांच करने में आसानी होती है विशेष रूप से वृद पुरूष और महिलायों के लिए यह जांच शिविर एक अनोल सौगात है। ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर ने कहा कि चेयरमैन नरेश मित्तल के सकुशल मार्गदर्शन में सेवा ट्रस्ट द्वारा हमेशा ही सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाता है। इस कड़ी में अब तक संस्था द्वारा स्कूली छात्रों, रक्तदान शिविरों , वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों, आशा वर्कर्स, कुष्ठ आश्रम, स्वास्थ्य कर्मचारियों, सफाई कर्मियों व खिलाड़ियों के लिए 1450 से ज्यादा सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग 6.50 लाख लोगों को अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया के सौजन्य से डाबर बूस्टर किट वितरित की जा चुकी है।

CAREER COUNSELLING ACTIVITY

Sangrur Kesari

Nov 04, 2024

पंजाब केसरी

विद्यार्थियों की दोस्तों भांति काऊंसिलिंग ही उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शन : नरेश मित्तल

■ सेवा ट्रस्ट द्वारा 121 विद्यार्थियों को 51 हजार की इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट

मालेरकोटला, 3 नवम्बर (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन के सान्निध्य तथा प्रिंसीपल इरफान फारूकी के नेतृत्व में सरकारी कालेज कर्मसर (राडा साहिब) में 'उज्ज्वल भविष्य हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन' सैमीनार करवाया, जिसमें बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव हेतु शैक्षणिक-पेशावर विकास व नशे से बचने प्रति जागरूकता शिविर में नरेश मित्तल ने वर्चयूल वार्तालाप माध्यम से कहा कि नशे से हमारे मानसिक संतुलन-व्यवहार में विपरीत बदलाव आता है तथा सही-गलत में फर्क करने की क्षमता कमजोर हों जाती है।

वही परिणाम स्वरूप हम बिना सोच विचार के गलत कार्य की तरफ आकर्षित होने लगते है जो पढ़ाई के साथ अनमोल जीवन को भी नुकसान पहुंचाता है तथा दूसरे बच्चों से हम हर प्लेटफार्म पर पीछे रह जाते है। इसलिए



सैमीनार में विद्यार्थियों को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट करते मैंबर। (वरिन्द्र)

नशे से दूर रहकर समाज प्रति कर्तव्य निभाने को प्रमुखता देनी चाहिए। इस मौके प्रिंसीपल इरफान फारूकी ने कहा कि अध्यापकों को विद्यार्थियों के व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए तथा दोस्त की भाति काऊंसिलिंग करके मार्गदर्शन करना चाहिए, वहीं विद्यार्थियों भी पढ़ाई के साथ खेलकूद, योग, सेवा आदि अतिरिक्त गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करे।

इस मौके सेवा ट्रस्ट के जिला प्रभारी सौरभ शर्मा, अवतार सिंह ने बताया कि 215 वे जिला प्रकल्प अधीन को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड कंपनी के सौजन्य से 'भारत स्वस्थ-समुदाय स्वस्थ' अभियान तहत 111 बच्चों,10 अध्यापकों को 51 हजार रुपए की लागत वाली इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट करवाई है।

इस मौके कालेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक बुराइयों खिलाफ नाटक, स्कीट, गिद्दा आदि पेश कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया तथा प्रबंधकों ने ट्रस्ट सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस मौके डा. वरिन्द्र जैन ने कविता 'जिदगी जीनी है तो तकलीफ सहना सीखो वर्ना मौत के बाद तो जलने का एसहास भी नही होता' तहत प्रेरित करते कहा कि छात्र लगातार शारीरिक,मानसिक,भावनात्मक बदलाव की स्थिति में रहते हैं जिनको अक्सर भ्रमित करने वाले समयों से निपटने में मदद करने से जीवन विकास को मजबूत आधार मिलेगा।

जो बच्चों में व्यवहार,सामाजिक,सांस्कृतिक गतिशीलता,विकास के तत्त्वों की गहरी समझ से चुनौतीपूर्ण पर संतोषजनक कैरियर को आगे बढ़ाने हेतु तैयार करता है।

सिक्योरिटी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी जॉब करने के अवसर उपलब्ध : सुरक्षा अधिकारी संदीप

सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

रोहतक,29 दिसम्बर (मैनपाल): पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोये द्वारा सिक्योरिटी विषय के वोकेशनल छात्रो के लिये एक दिवसीय कार्य क्षमता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसीपल कुलदीप सागवान के की।

संस्थाओं इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सदस्य तथा एलान मॉल के सुरक्षा



बच्चों को संबोधित करते सुरक्षा अधिकारी।

अधिकारी संदीप देशवाल ने विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधित चीजों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज सिक्योरिटी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी जॉब करने के अवसर उपलब्ध है।

इस जॉब को दूसरी जॉब्स की तरह आदर के साथ करे। इस क्षेत्र में आप अपनी सुरक्षा एजेंसी खोलकर अपना व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं। इस विषय के अध्यापक कुलदीप सागवान ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण उपस्थित रहें।

CHILDREN IN NEEDS CAMP

ਪੀੜਤ ਬੱਚੀ ਨੂੰ ਇਨਵਰਟਰ ਕੀਤਾ ਭੇਟ

ਵਿਸ਼ਾਲ, ਲੁਧਿਆਣਾ

ਲੰਮੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਸਰਗਰਮ ਸੰਸਥਾ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂਕੇ ਵੱਲੋਂ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਹਰਿਆਣਾ 'ਚ ਸਿਹਤ, ਵਾਤਾਵਰਨ ਅਤੇ ਸਿੱਖਿਆ ਦੇ ਖੇਤਰ 'ਚ ਨਿਰੰਤਰ ਸੇਵਾਵਾਂ ਜਾਰੀ ਹਨ, ਉਸੇ ਲੜੀ ਤਹਿਤ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਦੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਐੱਨਆਰਆਈ ਚਰਨ ਕੰਵਲ ਸੇਖੋਂ, ਨੈਸ਼ਨਲ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ, ਨੈਸ਼ਨਲ ਵਾਈਸ ਚੇਅਰਮੈਨ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਈਐੱਚ ਡਾ. ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਪੰਨੂ ਵੱਲੋਂ ਡਾ. ਗੁਰਮੇਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 15 ਸਾਲਾ ਬੱਚੀ ਹਰਸ਼ਦੀਪ ਕੌਰ ਬਸੰਤ ਨਗਰ ਸ਼ਿਮਲਾਪੁਰੀ ਲੁਧਿਆਣਾ ਜੋ ਕਿ ਫੇਫੜਿਆਂ ਦੀ ਬਿਮਾਰੀ ਤੋਂ ਪੀੜਤ ਹੈ। ਇਸ ਬੱਚੀ ਦੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ 24 ਘੰਟੇ ਆਕਸੀਜਨ ਸਿਲੰਡਰ ਦੇ ਸਹਾਰੇ ਨਿਰਭਰ ਹੈ। ਇਸ ਬੱਚੀ ਦੀਆਂ ਲੋੜਾਂ ਨੂੰ ਦੇਖਦੇ ਹੋਏ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਟੀਮ ਵੱਲੋਂ ਡਬਲ ਬੈਟਰੀ ਤੇ ਇਨਵਰਟਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਜ਼ਿਕਰਯੋਗ ਹੈ ਕਿ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਟੀਮ ਨੰਨੀਆਂ ਜ਼ਿੰਦਗੀਆਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਭਿਆਨਕ ਬਿਮਾਰੀਆਂ ਤੋ ਬਚਾਉਣ ਲਈ ਤੱਤਪਰ ਹੈ ਤੇ ਅੰਬਾਲਾ ਵਿਖੇ 1 ਕਰੋੜ ਦੀ ਲਾਗਤ ਨਾਲ ਬੱਚਿਆ ਲਈ ਮਲਟੀਸਪੈਸ਼ਲਿਟੀ ਹੋਮ ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਜਿੱਥੇ ਆਯੁਰਵੈਦ, ਪੰਚਕਰਮਾ, ਇਲੈਕਟਰੋ-ਹੋਮਿਉਪੈਥੀ, ਫਿਜਿਉਥਿਰੈਪੀ ਅਤੇ ਕੱਟੂ-ਥਰੈਪੀ ਆਦਿ ਨਾਲ ਪੀੜਤ ਬੱਚਿਆਂ ਦਾ ਮੁਫਤ ਇਲਾਜ ਸੰਭਵ ਹੋਵੇਗਾ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਟੀਮ ਮੈਂਬਰ ਰਛਪਾਲ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਅਮਨਜੋਤ ਸਿੰਘ ਇਆਲੀ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।



ਬੱਚੀ ਨੂੰ ਡਬਲ ਬੈਟਰੀ ਤੇ ਇਨਵਰਟਰ ਭੇਟ ਕਰਦੇ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂਕੇ ਦੇ ਪ੍ਰਬੰਧਕ।

Sangrur Kesari

Aug 20, 2024

पंजाब केसरी

101 लड़कियों को इम्यूनिटी बूस्टर किटें भेंट कीं

■ शिक्षा एवं स्वस्थ शरीर जीवन के सर्वोत्तम धन : डा. जैन

धूरी, 19 अगस्त (स.ह.): शिक्षा मनुष्य के विकास एवं प्रगति हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इससे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ, समर्पण की भावना विकसित होती है और यह हर क्षेत्र में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है, क्योंकि शिक्षा से नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय, समरसता के महत्त्व का ज्ञान होता है।

इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण कर एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए कठोर परिश्रम करना चाहिए। यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के संस्थापक चरन कंवल सेखों तथा राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल के सान्निध्य में राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन ने मालवा खालसा स्कूल धूरी में आयोजित किए गए एक जागरूकता सैमीनार को संबोधित करते हुए प्रगट किए।



बच्चों को इम्यूनिटी बूस्टर किटें भेंट करते सदस्य। (जैन)

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है तथा एक स्वस्थ व्यक्ति ही समाज-देश का भला करता है। इसलिए अच्छे स्वास्थ्य हेतु नियमित व्यायाम, खेलों में रुचि बढ़ाये। इससे पहले स्कूल की प्रिंसीपल सर्बजीत कौर व मैडम नवदीप शर्मा ने उनका व उनकी टीम का स्वागत भी किया।

इस मौके जिला टीम के अशोक सिंगला, अनिल गुप्ता, रविन्द्र शर्मा, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, संजीव सिंगला आदि ने 171 वें प्रकल्प के तहत डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान के तहत पांचवीं से बारवीं कक्षा की 101 लड़कियों, लडकों, बी.एड छात्रों सहित 10 कर्मचारियों को 1 लाख रुपए के करीब की डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किटें भी बांटीं।

इस मौके सौरभ शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट की 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' मुहिम के तहत अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सहयोग से स्वस्थ जीवन, सर्वोत्तम शिक्षा, स्वच्छ वातावरण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षित छात्र, वृद्धाश्रम, स्लम एरिया सहायता आदि चलाए जा रहे विभिन्न प्रोगरामों के तहत जिला टीम द्वारा 171 कार्यक्रम से 1 लाख 24 हजार 511 लोगों को 1 करोड़ 30 लाख रुपए की पोषण सामग्री, दवाइयां बांटी जा चुकी हैं।

इसके इलावा हरित भारत-हरित धरा के तहत 1000 पौधे भेंट किए जा चुके है तथा डी.एम.डी. पीड़ितों हेतु निशुल्क मल्टी फैसिलिटी होम (सेवा धाम) अंबाला के गांव साहा में 6655 वर्ग फीट जगह पर मल्टी फैसिलिटी होम (सेवा धाम) का निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया है, जिसमें थैरेपी-डायग्नोस्टिक सैंटर, लड़कियों हेतु कम्पयूटर कौशल सैंटर, महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण-उत्पादन केंद्र तथा वरिष्ठ नागरिकों हेतु डे केयर सैंटर की भी सुविधा मिलेगी।

DIVYANG CAMPS

दिव्यांग सेवा में साक्षात् भगवान के दर्शन : मित्तल

मालेरकोटला, 8 अक्तूबर (वरिन्द्र) : जो सशस्त्र दिव्यांग लाचार जीवन जीने को अभिशप्त हैं उनकी सहायता-उपचार करके व्यवसायिक प्रशिक्षण दे ताकि वे परिवार का भरण पोषण करके सुखद जीवन ज्ञापन कर सके।

भले ही हम किसी का दुख खत्म नहीं कर सकते पर दूसरों की पीड़ा को समझकर सेवा-निश्छल स्नेह-करुणा-सद्भावना से कुछ कम किया जा सकता है।

इसलिए मानव धर्म अनुसार दीन दुखियों, असहाय, नि:शक्त जन की सेवा में तत्पर रहे क्योंकि दिव्यांग की सेवा कर साक्षात भगवान के दर्शन होते है।

यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने दिव्यांगजन, विधवाओं-बुजुर्ग को वरचूलर बैठक में कहे है। इस मौके वातावरण प्रेमी अशोक सिंगला ने 60 पौधे बांटते कहा कि वर्तमान समय में दुनिया भर के दिव्यांग हर कार्य में अग्रणी है तथा देश हित में इनके सराहनीय कदम हृष्ट पुष्ट व्यक्तियों के लिए भी मिसाल बन रहे है।

इस मौके एकता हैंडीकैप्ड एंड विधवा वैल्फेयर सोसायटी (रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष महमूद अहमद थिंद ने दिव्यांगजन, विधवाओं, बुजुर्गों कि समस्या पर मंथन करते बताया कि सोसायटी दिव्यांगो की पहचान करके गुमनाम जिंदगी से बाहर निकलकर आधुनिक समाज में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है।



दिव्यागों को सामान भेंट करते मैंबर। (वरिन्द्र)

उन्होंने दिव्यांग पेंशन 1500 से 2500 करने, विकलांगता की पहचान, सरकारी नौकरियों का बैकलॉग, स्पैशल स्कूल, मुफ्त शिक्षा, आशीर्वाद योजना, तिपहिया वाहन, डीजल-पैट्रोल सबसिडी, फ्री टोल टैक्स, मुफ्त चिकित्सा बीमा, ब्याज मुक्त ऋण, आर.पी.डब्ल्यू.डी. एक्ट 2016 आदि लागू करने की सरकार समक्ष मांग उठाई।

इस मौके सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वरिंद्र जैन के सान्निध्य में जिला टीम ने डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से 204 वें जिला प्रकल्प अंतर्गत 60 लोगों को दैनिक वस्तुओं की इम्युनिटी बुस्टर किट में अनार का जूस, शहद, शैम्पू आदि सहित 60 हजार के उत्पाद वितरित किये तथा प्रकल्प 206-207 तहत कच्चा कोट-आई.टी.आई. क्षेत्र के 13 परिवारों को 17 हजार का मासिक राशन बैग भेंट किया।

ਦਿਵਿਆਂਗ ਸੇਵਾ ਨਾਲ ਰੱਬ ਦੇ ਦਰਸ਼ਨ ਹੁੰਦੇ : ਮਿੱਤਲ

ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਵੱਲੋਂ ਦਿਵਿਆਂਗਜਨ, ਵਿਧਵਾਵਾਂ ਤੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੂੰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟਾਂ ਭੇਟ

ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ, 8 ਅਕਤੂਬਰ (ਵਰਿੰਦਰ)- "ਜੋ ਦਿਵਿਆਂਗ ਲਾਚਾਰ ਜੀਵਨ ਜਿਊਣ ਲਈ ਮਜਬੂਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ, ਇਲਾਜ ਕਰ ਕੇ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ਤਾਵਾਂ ਦੀ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦਿੱਤੀ ਜਾਏ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਪਰਿਵਾਰ ਦਾ ਪਾਲਣ-ਪੋਸ਼ਣ ਕਰ ਕੇ ਸੁਰੱਖਿਅਤ ਜੀਵਨ ਬਿਤਾ ਸਕਣ।ਭਾਵੇਂ ਅਸੀਂ ਕਿਸੇ ਦਾ ਦੁੱਖ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਪਰ ਦੂਜਿਆਂ ਦੀ ਪੀੜਾ ਨੂੰ ਸਮਝ ਕੇ ਸੇਵਾ, ਪਿਆਰ, ਸਹਾਨੁਭੂਤੀ ਨਾਲ ਉਸਨੂੰ ਘਟਾ ਸਕਦੇ ਹਾਂ।ਇਸ ਲਈ ਮਨੁੱਖਤਾ ਦੇ ਧਰਮ ਮੁਤਾਬਕ ਦੁਖੀ, ਲਾਚਾਰ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾ 'ਚ ਤਤਪਰ ਰਹਿਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਦਿਵਿਆਂਗਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾ ਨਾਲ ਰੱਬ ਦੇ ਦਰਸ਼ਨ ਹੁੰਦੇ ਹਨ।" ਇਹ ਵਿਚਾਰ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ.ਕੇ.(ਭਾਰਤ) ਦੇ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਦਿਵਿਆਂਗਜਨ, ਵਿਧਵਾਵਾਂ, ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੂੰ ਵਰਚੁਅਲ ਮੀਟਿੰਗ 'ਚ ਕਹੇ।



ਦਿਵਿਆਂਗਾਂ ਨੂੰ ਸਾਮਾਨ ਭੇਟ ਕਰਦੇ ਮੈਂਬਰ। (ਵਰਿੰਦਰ)

ਇਸ ਮੌਕੇ ਵਾਤਾਵਰਣ ਪ੍ਰੇਮੀ ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ 60 ਰੁੱਖ ਵੰਡੇ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਦੁਨੀਆ ਭਰ ਦੇ ਦਿਵਿਆਂਗ ਅੱਜ ਹਰੇਕ ਖੇਤਰ 'ਚ ਅਗਵਾਈ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਦੇਸ਼ ਦੀ ਭਲਾਈ 'ਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਸਿਹਤਮੰਦ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਵੀ ਮਿਸਾਲ ਬਣ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਜਦੋਂ ਮਨੁੱਖ ਆਪਣੇ ਮਨੋਵਿਗਿਆਨਕ ਅਪਾਹਜਪਨ ਨੂੰ ਹਰਾ ਕੇ ਹਰੇਕ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕਰ ਲੈਂਦਾ ਹੈ, ਤਾਂ ਅਪਾਹਜਪਨ ਰੁਕਾਵਟ ਬਣਨ ਦੀ ਬਜਾਏ ਸਫਲਤਾ ਨੂੰ ਯਕੀਨੀ ਬਣਾਉਂਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਏਕਤਾ ਹੈਂਡੀਕੈਪਡ ਅੰਡ ਵਿਧਵਾ ਵੈੱਲਫੇਅਰ ਸੋਸਾਇਟੀ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਮਹਿਮੂਦ ਅਹਿਮਦ ਥਿੰਦ ਨੇ ਦਿਵਿਆਂਗਜਨ, ਵਿਧਵਾਵਾਂ ਅਤੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦੀਆਂ ਸਮੱਸਿਆਵਾਂ 'ਤੇ ਚਰਚਾ ਕਰਦੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸੋਸਾਇਟੀ ਦਿਵਿਆਂਗ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਪਛਾਣ ਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਗੁਮਨਾਮ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਤੋਂ ਕੱਢ ਕੇ ਆਧੁਨਿਕ ਸਮਾਜ 'ਚ ਅੱਗੇ ਵਧਣ ਲਈ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ।

ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਿਵਿਆਂਗ ਪੈਨਸ਼ਨ 1500 ਤੋਂ 2500 ਕਰਨ, ਅਪਾਹਜਪਨ ਦੀ ਪਛਾਣ, ਸਰਕਾਰੀ ਨੌਕਰੀਆਂ ਦਾ ਬੈਕਲਾਗ, ਖ਼ਾਸ ਸਕੂਲ, ਮੁਫ਼ਤ ਸਿੱਖਿਆ, ਆਸ਼ੀਰਵਾਦ ਯੋਜਨਾ, ਤਿੰਨ ਪਹੀਆ ਵਾਹਨ, ਡੀਜ਼ਲ-ਪੈਟਰੋਲ ਸਬਸਿਡੀ, ਮੁਫ਼ਤ ਟੋਲ ਟੈਕਸ, ਮੁਫ਼ਤ ਮੈਡੀਕਲ ਬੀਮਾ, ਬਿਆਜ-ਰਹਿਤ ਕਰਜ਼ਾ ਅਤੇ ਐਕਟ 2016 ਨੂੰ ਲਾਗੂ ਕਰਨ ਦੀ ਮੰਗ ਕੀਤੀ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ.ਕੇ.(ਭਾਰਤ) ਦੇ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਉਪ-ਚੇਅਰਮੈਨ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ ਦੀ ਆਗਵਾਈ 'ਚ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਟਿਡ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 204ਵੇਂ ਜ਼ਿਲਾ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਤਹਿਤ 60 ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟਾਂ 'ਚ ਅਨਾਰ ਦਾ ਜੂਸ, ਸ਼ਹਿਦ, ਸ਼ੈਂਪੂ ਆਦਿ ਸਮੇਤ 60 ਹਜ਼ਾਰ ਦੇ ਉਤਪਾਦ ਵੰਡੇ ਅਤੇ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ 206-207 ਹੇਠ ਸ਼ਾਹਿਦਾ ਬਾਨੋ-ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਨਾਲ ਕੱਚਾ ਕੋਟ-ਆਈ.ਟੀ.ਆਈ. ਖੇਤਰ ਦੇ 13 ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਨੂੰ 17 ਹਜ਼ਾਰ ਦਾ ਮਾਸਿਕ ਰਾਸ਼ਨ ਬੈਗ ਭੇਟ ਕੀਤਾ।

SPORTS EVENTS

वर्ल्ड हेल्थ डे पर मैराथन का आयोजन

रहमदीन

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क, सेवा ट्रस्ट यूके (भारत), एक सोच नई सोच व अन्य एन जी ओ के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि मार्कंडेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, मुलाना के परिसर में मैराथन दौड़ और अन्य खेल गतिविधिओं का आयोजन किया गया। मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार थीम वाले इस आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बी.के. अग्रवाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आईएमए यमुनानगर से डॉ. विक्रम भारती ने शिरकत की। डॉ. भारती ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी विजेता है, जिसने इस कार्यक्रम में भाग लेकर अच्छे स्वास्थ्य के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग किया है । उन्होंने स्वास्थ्य की समग्र प्रकृति पर जोर देते हुए मानसिक और शारीरिक दोनों तरह के कल्याण को बनाए रखने के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में नव्या खन्ना (सह-संयोजक, आईएमए-एमएसएन हरियाणा) और अर्नवी रौथाण प्रमुख आयोजकों ने संपूर्ण आईएमए-एमएसएन



राज्य परिषद और समर्पित स्वयंसेवकों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएमए-हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. अजय महाजन, आईएमए हरियाणा के सचिव डॉ. धीरेंद्र सोनी, आईएमए-एमएसएन हरियाणा की राज्य अध्यक्ष डॉ. पुनिता हसीजा और आईएमए अंबाला से डॉ. राजीव गुप्ता द्वारा अथक समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया गया और इस भव्य सफलता के सूत्रधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ. बी.के. अग्रवाल ने सभी सम्मानित सह-प्रायोजकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हुआ कहा की जिनके उदार समर्थन ने इस आयोजन को संभव बनाया। उन्होंने ने सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के पवन पराशर, राउंड टेबल अंबाला, राउंड टेबल लुधियाना 250 और एक सोच नई सोच के अध्यक्ष शशि गुप्ता का धन्यवाद किया जिन्होंने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और इसकी सफलता को ओर बढ़ाया। इस अवसर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पराशर, सदस्य तुषार बक्शी, नवीन गुप्ता, वीरेंद्र सिंह ने अपनी सह-प्रायोजक डाबर इंडिया के सौजन्य से सभी प्रतिभागियों और टीम के सदस्यों को डाबर का ऊर्जा वर्धक जूस पेक उपहार स्वरूप भेंट किये।

स्पर्धा • खेड़ी खुंमार में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दम

वालीबॉल खेलों में भालोठ की टीम रही प्रथम, 31000 रुपए और ट्रॉफी जीती

भास्कर न्यूज | झज्जर

युवा क्लब खेड़ी खुम्मार के द्वारा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया सहयोग व डाबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से राज्य स्तरीय वालीबॉल खेलों का आयोजन किया गया। इसमें 45 से ज्यादा टीमों ने हिस्सेदारी करते हुए 500 से ज्यादा खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया। कार्यक्रम के बारे में मोहित यादव एवं विकास कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर भालोठ की टीम रही जिसे 31000 रुपए की नगद राशि के



साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरे स्थान पर खिड़वाली की टीम रही जिसने 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार जीता। तीसरे स्थान पर नजफगढ़ की टीम रही जिसे 5100 की राशि के नकद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। चौथे पांचवें एवं छठे स्थान पर सोनीपत जैतपुर और दिल्ली की टीम रही जी ने 1100-1100 की राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन गांव खेड़ी कुमार के सुभाष चंद्र बोस स्मारक में किया गया था दिन और रात में लगातार चले मैच देर रात लगभग 2 बजे समाप्त हुए। ग्राम वासियों के द्वारा आयोजित हुए इस खेलों के टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को मोटिवेट करते हुए मोहित यादव ने कहा कि खेल हमें नशे से दूर रखते हैं और शारीरिक रूप से हमें मजबूत करने का काम भी करते हैं। खेलो में टीम की भावना भी मजबूत होती है और हम बेहतर लीडरशिप की क्वालिटी का निर्माण कर पाते हैं।

SLUM DWELLERS AID EVENTS

भट्ठा मजदूरों व बच्चों में वितरित की सुराही

■ मिट्टी के बर्तनों में पानी लंबे समय तक ठंडा रहता है जल

वजन में हल्की होने के कारण मिट्टी की सुराही को ईंटों की पथाई करते समय मजदूर इन्हें पास भी रख सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। प्रवासी मजदूरों व बच्चों में पंखे व मिट्टी की सुराही भेंट करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

इंडेष्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था द्वारा बेरी रोड स्तिथ ईंट भट्ठे पर कार्यरत प्रवासी मजदूरों के साथ मिलकर देश के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद राधे ने गर्मी में शीतल पेय के लिए मिट्टी की सुराही व बीजने के भेंट किए। उन्होंने कहा कि मिट्टी के बर्तनों में पानी लंबे समय तक ठंडा रहता है। वजन में हल्की होने के कारण मिट्टी की सुराही को ईंटों की पथाई करते समय मजदूर इन्हें पास-पास भी रख सकते हैं। इसी प्रकार हाथों से झेलने वाले बीजने बिजली आपूर्ति न होने के समय हवा देकर राहत प्रदान करेंगे। सेवा ट्रस्ट संस्था के प्रेसिडेंट मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि देश की बड़ी आबादी पलायन के चलते अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दिला पाती। इसलिए सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में इनको ध्यान में रखते हुए और बेहतर व्यवस्था लागू करनी चाहिए। इस मौके पर जॉनी, तिंकु चौधरी, दशरथ मांझी, ममता, धीरज, परदेसी व मुंशी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

श्रम अभिवादन तहत 914 मजदूरों को 4 लाख के इम्यूनिटी बुस्टर किट भेंट

मेहनत की धूप में तपकर सोने को कुंदन बनाते श्रमिकों को सलाम : मित्तल

मालेरकोटला, 2 मई (वरिन्द्र): मेहनत की धूप में तपकर सोने को कुंदन बनाने वाले हर मेहनती श्रमिकों को सलाम करे। यह विचार सेवा ट्रस्ट यूके.(भारत) के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों के सान्निध्य में राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक अभिवादन प्रकल्प तहत अनुकूल कामकाजी परिस्थितियों-उचित मजदूरी हेतु संघर्षशील मजदूर वर्ग को नमन करते कहे हैं।

इस मौके जोन हैड डा. वरिन्द्र जैन, राज्य को-ऑर्डिनेटर अजय गर्ग के सान्निध्य में जिला मालेरकोटला सीनियर को-ऑर्डिनेटर अशोक सिंगला, अनिल गुप्ता, धार्मिक को-ऑर्डिनेटर सौरभ शर्मा-अवतार सिंह, शिक्षा इंचार्ज सजीव सिंगला ने को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान तहत राजिन्द्र गोयल, राकेश गोयल, रघुवीर चंद गर्ग, रिश्व गर्ग के सहयोग से विभिन्न एरिया में 914 भट्ठा श्रमिकों को 4 लाख की इम्युनिटी बूस्टर किट (चवनप्राश, शहद, शैम्पू, आंवला आइल, पेस्ट, टमाटर सोस, गुलूकोस) आदि भेंट किए, जिसमें अजय गर्ग-सौरभ शर्मा ने कहा कि एक मजदूर ही सबकी दुनिया को बेहतर बनाने हेतु कड़ी धूप में भी कार्यरत रहता हैं परन्तु लोग अक्सर उन सेवाओं-उत्पादकों को हल्के में लेकर श्रमिकों की स्वास्थ्य-सुरक्षा की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को अनदेखा करते है।

जबकि उनकी गरिमा-मूल्य को पहचानने, सम्मान, निष्पक्षता से व्यवहार, उचित वेतन, हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध होना चाहिए।



श्रमिकों को बूस्टर किट देते मैंबर। (वरिन्द्र)

इस मौके अशोक सिंगला-अनिल गुप्ता ने कहा कि समाज में अधिकतर श्रमिकों को बुनियादी अधिकार का आनंद नसीब नहीं होता पर शोषण-दुर्व्यवहार-ज्यादा कार्य कम वेतन, अपर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा नियमों से जूझना पड़ता है। जिसके निवारण हेतु जिम्मेदार नागरिक बनकर श्रमिकों का सम्मान करे तथा आर्थिक मदद के सारथी बने।

MARKET WATCH
चिकित्सा
अनचाहे बाल लेजर से ठीक



CELEBRATION OF DAYS ACTIVITY

रक्षाबंधन भाई-बहन के अगाध स्नेह का प्रतीक

■ सेवा ट्रस्ट यूके ने महिला सदस्यों को सम्मानित कर मनाया रक्षाबंधन पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। महिलाओं को सम्मानित करते संस्था के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के भारत द्वारा अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार महिला सदस्यों को सम्मानित कर अपना सामाजिक दायित्व निभाकर मनाया। अग्रवाल धर्मशाला परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा और पंजाब उच्च न्यायालय के सीनियर एडवोकेट जवाहरलाल गोयल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल द्वारा की गई। एडवोकेट जवाहरलाल गोयल ने भाई-बहन के अगाध स्नेह एवं अटूट विश्वास के प्रतीक, महापर्व रक्षाबंधन की सभी को हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएं दी और कहा की यह पर्व आप सभी के जीवन में सौभाग्य लाए, समाज में सद्भाव, सौहार्द व सहयोग की भावना और अधिक सशक्त हो उन्होंने इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तह दिल से तारीफ की और कहा कि सेवा ट्रस्ट सामजिक कार्यों में जमीनी स्तर पर कार्य करता है जिसके लिए सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल व सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र की समस्त टीम बहुत ही बधाई की पात्र है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत से कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल, मुनीष मित्तल मौजूद रहे।



बच्चों को जूस वितरित करते राज्यमंत्री सुभाष सुधा। विज्ञप्ति

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने धूमधाम से मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव

कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में धूमधाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

ब्रह्मसरोवर पर स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर रियल जूस का विशाल लंगर लगाया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने भी शिरकत करते हुए कहा कि सृष्टि में मानवता की रक्षा और अनैतिक शक्तियों को नष्ट करने वाले भगवान राम भक्त वीर हनुमान को समस्त विश्व द्वारा याद किया जाता है। उन्होंने श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सभी देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा सभी पर श्री हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहे।

हनुमानजी आप सभी को शक्ति और संजीवनी दें। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से डाबर रियल जूस का अटूट भंडारा दिया। सेवा ट्रस्ट की तरफ से विजय पंघाल, वालंटियर पूजा सैनी, जितेंद्र, योगेश गर्ग, रमेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद

Kurukshetra Kesari
Apr 15, 2024 (IST)
पंजाब केसरी

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर लगाया जूस का लंगर

कुरुक्षेत्र, 14 अप्रैल (विनोद खुंगर): सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा रविवार को कुरुक्षेत्र में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रियल नारियल पानी का विशाल भंडारा दिया गया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा की राष्ट्र के निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी का बहुत बड़ा योगदान है। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है। जब तक देश और संविधान रहेगा, तब तक बाबा साहेब का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। हमें बाबा साहब की तीन प्रमुख शिक्षाएं शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो इन तीनों को ग्रहण कर जन कल्याण की राह यूँ ही प्रशस्त करते हुए आगे बढ़ते जाना है। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन, सुमन्त सैनी, विजय पंघाल ने कहा कि भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पकार, वंचितों व शोषितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर जी को उनकी जयंती पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है। सेवा ट्रस्ट की महिला कोआर्डिनेटर पूजा सैनी ने कहा कि बाबा साहब व उनका महान व्यक्तित्व और शुद्ध विचार एक विकसित देश-प्रदेश की परिकल्पना में हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। उनकी जयंती पर सेवा ट्रस्ट की को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से रियल नारियल पानी का अटूट लंगर लगाया गया है। इस अवसर पर समाजसेवी जितेन्द्र, रमेश थाना, विक्की बिशनगढ, प्रवीन गोयल, नरेश शर्मा, दिलबाग सोथा, रमेश गुप्ता, राजकुमार मेहता, राष्ट्रीय सेवा योजना से वालंटियर स्नेहा, तेजस मित्तल इत्यादि मौजूद रहे।



सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सदस्य जूस वितरित करते हुए। (विनोद खुंगर)

गांव दादुपुर में महिला सशक्तिकरण व लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम का आयोजन





लोहड़ी मनाते ग्रामीण व ट्रस्ट के सदस्य।

बराड़ा, 12 जनवरी (राजेन्द्र शर्मा): सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा राष्ट्रपति युवा अवॉर्डी स्वर्गीय तरुण कौशल की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए गांव दादुपुर जिला अम्बाला में महिला सशक्तिकरण व लोहड़ी 'पर्व कन्याओं के नाम' कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लार्ड कृष्ण कॉलेज प्रिंसिपल रेनू सहोता, विशिष्ट अतिथि के तौर पर पुलिस विभाग बराड़ा से हरि ओम व सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। सर्व प्रथम आए हुए अतिथिगणों ने स्वर्गीय तरुण कौशल को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उसके बाद मौजूदा मातृशक्ति के साथ लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम मनाया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कढ़ाई सैंटर, कम्प्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, स्वरोजगार सैंटर जैसे कार्यक्रम चलाए हुए हैं। अम्बाला के गांव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। जिसमें दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है ताकि नन्ही जिंदगियों को बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा की सेवा धाम में विभिन्न स्किल कोर्स भी करवाए जाएंगे जिससे महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकेगी। मुख्यातिथि रेनू सहोता ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए जहां ट्रस्ट की सराहना की वहीं उन्होंने स्वर्गीय तरुण कौशल के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों से भी सबको अवगत करवाया। गांव के सरपंच राम करण धीमान ने आए हुए अतिथिगणों का गांव की तरफ से स्वागत किया ओर भविष्य में सेवा धाम से जुड़कर डी.एम.डी बीमारी से ग्रस्त बच्चों के सहयोग के लिए ट्रस्ट का साथ देने के लिए वचन दिया। कार्यक्रम के बारे में अवगत करवाते हुए सेवा ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य बलजिंदर कुमार ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रपति युवा अवॉर्डी स्वर्गीय तरुण कौशल की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने स्वरूप 5 जनवरी से 11 जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम किए जा रहे है। जिसमें महिलाओं, छात्राओं, नव जन्मी कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है। जिसके तहत आज दादुपुर में लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम मनाकर गांव की 300 महिलाओं को ट्रस्ट की सहयोगी स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा घरेलू उपयोग की किटें बांटी गई। कार्यक्रम में ट्रस्ट के साथी मदन गोपाल धीमान ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके इससे पहले भी सामाजिक कार्यों में सदा ही अग्रसर रहा है और रक्तदान शिविर लगवाना, बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वयं रोजगार सहित अनेक कार्यक्रम सेवा ट्रस्ट यूके के द्वारा किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट के साथी राहुल छाबड़ा, मदन धीमान, उमेश धीमान, तरसेम, प्रदीप, रणबीर, सचिन धीमान, अनमोल सिंह, काका सिंह, दर्शन सिंह, रोशन सिंह, केहर सिंह, स्नेहलता, निशा व दीपा धीमान उपस्थित रहे।

Kurukshetra Kes...
Nov 02, 2024
पंजाब केसरी

अंतर्राष्ट्रीय संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने जरूरतमंद परिवारों के बच्चों संग मनाई दीपावली

ट्रस्ट का प्रयास त्यौहार सभी बच्चों के जीवन में खुशियां लेकर आए

कुरुक्षेत्र, 1 नवम्बर (विनोद खुंगर): अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था सेवाट्रस्ट यू.के. इंडिया ने सैक्टर-2 में, सुंदरपुर, रतगल व आसपास झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के बच्चों संग दीपावली के त्यौहार को धूमधाम से मनाया।



दीपावली अवसर पर बच्चों को सामान वितरित करते सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया की टीम व अन्य। (विनोद खुंगर)

इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने की। कला रागिनी ट्रस्ट द्वारा इन सभी स्लम एरिया के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दी जाती है।

पवन मित्तल ने कहा कि सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया का प्रयास है कि दीपावली का त्यौहार सभी बच्चों के जीवन में खुशियां लेकर आए। इस अवसर पर करीब 100 जरूरतमंद बच्चों को अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से उनकी जरूरत का समान वितरित किया। साथ ही ऊर्जावान बच्चों को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर कीट प्रदान की गई।

सेवा ट्रस्ट के सिटी प्रधान योगेश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है। इस अवसर पर कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने कहा कि चारों ओर दीप जले,

संस्था के कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, रंगोली व सुंदर चित्र बनाकर 4 चांद लगा दिए। बच्चों को उनके कौशल के अनुसार पुरस्कार वितरित किए गए।

सेवा ट्रस्ट के जिला महासचिव नरेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व प्राचार्य नरेश मित्तल, हरिकृष्ण भारद्वाज, मुकेश मित्तल, रमेश वर्मा, मीना, सुदेश रानी, मोनिका, राहुल, उर्वशी, शुभम, गरिमा, वैशाली, आदित्य, लावण्य, अभिषेक इत्यादि इस अवसर पर मौजूद रहे।

Kurukshetra Kesari
Apr 15, 2024 (IST)
पंजाब केसरी

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर लगाया जूस का लंगर

कुरुक्षेत्र, 14 अप्रैल (विनोद खुंगर): सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा रविवार को कुरुक्षेत्र में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रियल नारियल पानी का विशाल भंडारा दिया गया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा की राष्ट्र के निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी का बहुत बड़ा योगदान है। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है। जब तक देश और संविधान रहेगा, तब तक बाबा साहेब का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। हमें बाबा साहब की तीन प्रमुख शिक्षाएं शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो इन तीनों को ग्रहण कर जन कल्याण की राह यूँ ही प्रशस्त करते हुए आगे बढ़ते जाना है। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन, सुमन्त सैनी, विजय पंचाल ने कहा कि भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पकार, वंचितों व शोषितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर जी को उनकी जयंती पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है। सेवा ट्रस्ट की महिला कोआर्डिनेटर पूजा सैनी ने कहा कि बाबा साहब व उनका महान व्यक्तित्व और शुद्ध विचार एक विकसित देश-प्रदेश की परिकल्पना में हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। उनकी जयंती पर सेवा ट्रस्ट की को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से रियल नारियल पानी का अटूट लंगर लगाया गया है। इस अवसर पर समाजसेवी जितेन्द्र, रमेश थाना, विक्की बिशनगढ, प्रवीन गोयल, नरेश शर्मा, दिलबाग सोथा, रमेश गुप्ता, राजकुमार मेहता, राष्ट्रीय सेवा योजना से वालंटियर स्नेहा, तेजस मित्तल इत्यादि मौजूद रहे।



सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सदस्य जूस वितरित करते हुए। (विनोद खुंगर)

WATER AND SANITATION ACTIVITY

जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को दी स्वच्छता से सम्बन्धित जानकारी

कुरुक्षेत्र, 21 फरवरी (विनोद खुंगर): अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2, सुन्दर पुर, देवीदास पुरा, रतगल व आसपास झुग्गी झोपडी में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को स्वच्छता से सम्बन्धित समान वितरित किया गया। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सभी बच्चों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही भगवान का वास होता है। इसलिए हम सभी स्वच्छता को अपनाकर खुद भी स्वस्थ रह सकते हैं और समाज को भी स्वस्थ रख सकते हैं। हमें हर रोज स्नान करना चाहिए, हर रोज सुबह दांत साफ करने चाहिए तथा अपने आसपास भी सफाई रखनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी अमित कालड़ा ने की।

इस अवसर पर करीब 100 जरूरमंद परिवारों के बच्चों को ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से स्वच्छता से सम्बन्धित बच्चों की जरूरत का समान जैसे नहाने की साबुन, टूथपेस्ट व नारियल पानी इत्यादि वितरित किए गए।

समाजसेवी मास्टर अमित कालड़ा ने कहा कि




बच्चों को सामान वितरित करते हुए। (विनोद खुंगर)

जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और जो लोग धर्म के इस कार्य में समय समय पर अपनी आहुति डालते रहते हैं भगवान की उन पर हमेशा कृपया बनी रहती है। उन्होंने ने कहा कि हम सबको इस प्रकार के सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने कहा कि इन बच्चों के साथ खुशियां बांटने में सेवा ट्रस्ट संस्था हमेशा आगे रहता है।

इस मौके पर सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल, सिटी प्रधान योगेश शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य नरेश मित्तल तेजस मित्तल व बच्चे मौजूद रहे।



झज्जर | नेहरू युवा केंद्र झज्जर के तत्वावधान में इंडेपथ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने विश्व जल दिवस मनाया। कार्यक्रम ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा में हुआ। इसमें 370 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छारा पंचायत के सदस्य मास्टर अनिल दलाल और अमित कुमार मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल सविता देवी ने उनका स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों ने भाषण, कविता और स्लोगन के जरिए जल संरक्षण का संदेश दिया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी ब्रिजेश कौशिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाता है। इस साल का विषय ग्लेशियर संरक्षण है। विद्यालय के विद्यार्थियों यश, कनक, खुशी, धैर्य और दक्ष को जल संरक्षण में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बच्चों ने जल जागरूकता रैली भी निकाली। सेवा ट्रस्ट से पूनम देशवाल ने सभी को संस्था के स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। उन्होंने वाइस प्रिंसिपल के साथ मिलकर जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर सूरजमल सर, मनीषा, रूचि, कोमल, संतोष, सोनिया, प्रमिला, पूजा, मोनिका, ईश्वर सहित मौजूद रहे।

642 बच्चों ने मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान चलाते हुए बच्चे।

भास्कर न्यूज | झज्जर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए गए स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत संस्थाओं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल गोछी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में 642 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल डायरेक्टर सुरेंद्र अहलावत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अभियान की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर वरुण कौशिक ने की। उन्होंने बताया कि ये अभियान \'मेरा युवा भारत\' विभाग के जिला अधिकारी ब्रिजेश कौशिक के दिशा निर्देशानुसार किया गया। उन्होंने सभी को प्लास्टिक इस्तेमाल न करने की शपथ दिलाई। संस्था आईवीएफ से सागर ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय के आस पास के क्षेत्रों की सफ़ाई करते हुए 42 किलो प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया। संस्था सेवा ट्रस्ट से मनजीत ने सभी को संस्था की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ़ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की। इस अवसर पर प्रिंसिपल ज्योति अलाहवत, रिंकु, सुनीता, विनोद, तरुण, साहिल, प्रीति, सिमरन व साक्षी मौजूद रहे।

कूडा एकत्रित करने के साथ ही हुआ स्वच्छता अभियान का समापन

■ 80 किलो प्लास्टिक कचरा उठाया



स्वच्छता अभियान के दौरान संस्था के सदस्य।

रोहतक, 3 अक्तूबर (मैनपाल): युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए गए स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत संस्थाओं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाऊंडेशन द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान वीरवार को समापन कर दिया गया।

मेरा युवा भारत विभाग के जिला अधिकारी ब्रिजेश कौशिक ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत 17 सितम्बर को हुई थी। इस अभियान के तहत जिले भर में युवाओं के साथ मिलकर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम व सफाई अभियान चलाए गए तथा प्लास्टिक कचरे को उठाया गया। संस्था आई.वी.एफ. से पूनम देशवाल ने बताया कि अभियान के अंतिम दिन अलग अलग टीमों ने गांव डीघल, गुड्डा तथा झज्झर के पार्कों व खेल के मैदान से 80 किलो प्लास्टिक कचरा उठाया गया।

स्वयं सेवक प्रियंका व अश्वनी ने बताया कि प्लास्टिक की कलाकृतियां जल निकासी और सीवरेज प्रणाली में जाकर पाइपों और नालियों को बंद कर देती हैं, जिससे जलभराव हो जाता है। इसके अलावा प्लास्टिक कचरे से जीवित जीवों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी प्लास्टिक कचरे को फेलने से रोके।

वहीं, स्वयं सेवक निधि व जितेंद्र ने बताया कि इस अभियान के तहत अमर शहीदों के स्मारकों को की सफाई का कार्य भी किया गया। संस्था सेवा ट्रस्ट से महिमा व सिमरन ने सभी को संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की। इस अवसर पर सागर, वरुण, हनु, सोनू, अभिषेक, पवित्रा आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर **झज्जर भास्कर** 30-09-2024

धांधलान में सफाई अभियान चला कर प्लास्टिक का कचरा उठाया



झज्जर | युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए गए स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत संस्थाओं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा धांधलान गांव के सामाजिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्य में एनवाईवी वरुण कौशिक ने बताया कि गांव के खेल के मैदान, मंदिर, स्कूल, जल घर, बाईपास के आस पास से प्लास्टिक कचरा उठाने का कार्य किया। इस कार्य में सेक्क निधि, जितेंद्र, संस्था आईवीएफ से सागर का सहयोग रहा। संस्था सेवा ट्रस्ट से अनिल कोच ने सभी को संस्था की को स्पांसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की।

दैनिक भास्कर **झज्जर भास्कर** 04-10-2024

अभियान संपन्न: 80 किलो प्लास्टिक कचरा उठाया गया



झज्जर|युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया और इंडेप्थ विजन फाउंडेशन के स्वच्छता अभियान का समापन हुआ। मेरा युवा भारत विभाग के जिला अधिकारी ब्रिजेश कौशिक ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर को शुरू हुआ था। इस दौरान युवाओं के साथ मिलकर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किए। संस्था आईवीएफ से पूनम देशवाल ने बताया कि अभियान के अंतिम दिन विभिन्न टीमों ने गांव डीघल, गुढ़ा और झज्जर शहर के पार्कों और खेल मैदानों से 80 किलो प्लास्टिक कचरा उठाया गया। स्वयं सेवकों ने प्लास्टिक के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की चेतावनी दी। अभियान में अमर शहीदों के स्मारकों की सफाई भी की गई। डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की गई। इस मौके पर स्वयंसेवक प्रियंका अश्वनी, महिमा, सिमरन,सागर, वरुण, हनु, सोनू, अभिषेक, पवित्रा, अंकित, राहुल, वर्षा, स्नेहा, दिव्या, दीपिका, आदित्य, निकिता, देव, अंजलि, उमंग, इशु मौजूद रहे।

FELICITATION CAMPS

सेवा ट्रस्ट ने गोल्ड मैडल विजेता खिलाड़ी को किया सम्मानित



पहलवान तरूण को सम्मानित करते संस्था के सदस्य। (त्यागी)

सोनीपत, 6 सितम्बर (त्यागी): सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा हाल ही में नेपाल में आयोजित की गई कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल विजेता खिलाड़ी तरूण को सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख सुरेश कुमार के मुताबिक यह कार्यक्रम तरूण के पैतृक गांव कंवाली में आयोजित किया गया।

तरूण के पिता संदीप ने बताया कि इससे पहले भी जब तरूण अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतकर आया था तो संस्था ने उसे सम्मानित करके उसका हौसला बढ़ाया था।

संस्था के अलावा अन्य लोगों ने भी तरूण को सम्मानित किया। संस्था से रोहित राठौर ने सभी को संस्था की को-स्पोंसर डाबर इंडिया की तरफ से इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की।

हैंडबाल की महिला खिलाड़ियों को किया सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संस्था के सदस्य व खिलाड़ी। (त्यागी)

सोनीपत, 1 नवम्बर (त्यागी): शुक्रवार को सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा हरियाणा दिवस पर सी.आर. जैड स्कूल के खेल मैदान में हैंडबाल खेलने वाली महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुरेश शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्हें हार से कभी भी मायूस नहीं होना चाहिए। परिणाम की सोचे बिना नियमित रूप से अभ्यास करते रहना चाहिए। ऐसा करके कल को आप खेलों में हरियाणा का नाम रोशन करेंगी।

इस मौके पर सभी संस्था की को-स्पांसर डाबर इंडिया कंपनी की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जयबीर गहलावत, दिलबाग सिंह, नरेंद्र हुड्डा, सतबीर आर्य, रमेश, पूर्ण सिंह, पवन पालीवाल, अंकित दहिया, कोच कल्पना यादव, गीता, ऋतु आदि मौजूद थे।

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

ब्रह्मसरोवर पर लगाया गया जूस का विशाल भंडारा





महिलाओं को सम्मानित करते हुए एवं ब्रह्मसरोवर पर भंडारे में जूस वितरित करते हुए। (विनोद खुंगर)

कुरुक्षेत्र, 17 अक्तूबर (विनोद खुंगर): अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर स्थानीय मोहन नगर में कामकाजी महिलाओं को अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सम्मानित किया। साथ ही ब्रह्मसरोवर के तट पर रियल जूस का विशाल भंडारा दिया गया।

सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कार्यक्रम के अवसर पर भगवान राम के आदर्श चरित्र को लिपिबद्ध कर सम्पूर्ण विश्व को पवित्र महाकाव्य रामायण का अनुपम उपहार देने वाले आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर कोटि-कोटि प्रणाम किया।

उन्होंने कहा कि भारत भूमि धर्म कर्म की भूमि है।

इस भारत भूमि पर अनेक संतों, महात्माओं, पीर, पैगंबरों, फकीरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जिन्होंने अपनी दिव्य वाणी से समाज का पथ प्रदर्शन किया। जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया और मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया।

सेवा ट्रस्ट के कोऑर्डिनेटर सुमन्त सैनी व प्रवीन गोयल ने कहा कि आज शताब्दियों बाद भी महर्षि वाल्मीकि जी की वाणी उतनी ही प्रासंगिक और सार्थक है। आज भी उनकी वाणी समाज का पथ-प्रदर्शन कर रही है। इस अवसर पर सीमा, रमेश गुप्ता, तेजस मित्तल, राष्ट्रीय सेवा योजना से स्नेहा इत्यादि भी मौजूद रहे तथा उन्होंने भी विचार रखे।

AWARD & APPRECIATION RECEIVED



समाजसेवा के लिए सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया को मिला सम्मान



कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिला सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया समाज सेवा में अनेक योजनाएं चला रहा है। कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल को रक्तदान, पौधारोपण, महिला सशक्तिकरण इत्यादि क्षेत्रों में सराहनीय कार्यों व योजनाओं के लिए सम्मानित किया। डाबर संस्थान ने पवन मित्तल को शुभकामनाएं दी।



सेवा ट्रस्ट यू.के.(भारत)के चैयरमेन नरेश मित्तल को स्मृति चिन्ह भेंट करते उपायुक्त व डा.सुनील सादिक। (देवदत्त)



सेवा ट्रस्ट यू के इंडिया के चेयरमैन नरेश मित्तल को सम्मानित करते पंजाब केसरी समूह के डायरेक्टर श्री अविनव चोपड़ा जी। (राजेश)